दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...





● नई दिल्ली । शनिवार 21 मार्च -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 87 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## पीएम मोदी ने थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन को दी बधाई, कहा- और मजबूत करेंगे साझेदारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अनुतिन चर्नविराकुल को थाईलैंड का प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों नेता मिलकर भारत और बैंकॉक के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेंगे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत और थाईलैंड के रिश्ते साझा सभ्यता और संस्कृति पर आधारित हैं। दोनों देशों के लोगों के बीच बहुत पुराने और गहरे संबंध हैं। उन्होंने जोर दिया कि दोनों देश शांति, प्रगति और समृद्धि के साझा लक्ष्यों के लिए एकजुट हैं।

थाईलैंड के निचले सदन ने गुरुवार को अनुतिन चर्नविराकुल को देश का नया प्रधानमंत्री चुना। उन्हें कुल 293 वोट मिले। 59 साल के अनुतिन को 8 फरवरी के आम चुनाव के बाद



संसदीय मतदान में चुना गया है। उनके प्रतिद्वंद्वी नत्थाफोंग रुआंगपान्यवुत को सिर्फ 119 वोट मिले। मतदान के दौरान 86 सदस्यों ने हिस्सा नहीं लिया। अनुतिन की पार्टी 'भूमजईथाई' ने 500 सीटों वाले सदन में 191 सीटें जीती थीं। उन्होंने पीपुल्स पार्टी को पीछे छोड़ दिया, जिसे 120 सीटें मिली थीं। इसके बाद अनुतिन ने 16 पार्टियों का एक

> ''भारत और थाईलैंड के रिश्ते साझा सभ्यता और संस्कृति पर आधारित हैं। दोनों देशों के लोगों के बीच बहुत पुराने और गहरे संबंध हैं।''
> – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

गठबंधन बनाया। इसमें फेउ थाई पार्टी भी शामिल है। इस गठबंधन के पास कुल 292 सीटें हैं।

अनुतिन पिछले दो दशकों में दोबारा सत्ता में लौटने वाले पहले थाई प्रधानमंत्री बने हैं। हालांकि, उनके सामने कई चुनौतियां भी हैं। उन्हें साल 2022 में भांग (कैनबिस) को अपराध की श्रेणी से बाहर करने के लिए जाना जाता है। अगस्त 2025 में पैतोंगतार्न शिनावात्रा को पद से हटा दिया गया था। कंबोडियाई नेता हुन सेन के साथ उनकी फोन कॉल लीक होने के बाद कोर्ट ने यह फैसला सुनाया था।

# आज 63 स्थानों पर होगी ईद की नमाज

## वेव सिटी, डासना और कैला भट्टा में पुलिस अधिकारियों ने संभाली सुरक्षा की कमान

**गाजियाबाद करंट क्राइम ।** गाजियाबाद में ईद के पावन अवसर पर शनिवार को जिलेभर में 63 स्थानों पर नमाज अदा की जाएगी। खुदा की इबादत के लिए सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में लोग जुटेंगे। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पूरी तरह सतर्क है। वेव सिटी, डासना और कैला भट्टा, साहिबाबाद, खोड़ा, पसौंड़ा जैसे संवेदनशील इलाकों में पुलिस अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। अधिकारियों द्वारा लगातार क्षेत्र में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है, ताकि नमाज के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। पुलिस प्रशासन ने सभी प्रमुख नमाज स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं और लोगों से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। ईद के पावन अवसर को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पूरी तरह अलर्ट मोड में है। शुक्रवार से ही तीनों जोन में पुलिस अधिकारियों ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है।

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च और की गई जांच



**करंट क्राइम :** एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने डासना मंदिर, डासना बस अड्डा व आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। वहीं घंटाघर क्षेत्र में एसीपी उपासना पांडे ने कैला भट्टा इलाके की मस्जिदों और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर शांतिपूर्वक नमाज अदा कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कोतवाली, विजयनगर, वेव सिटी, क्रॉसिंग रिपब्लिक, साहिबाबाद, कौशांबी, शालीमार गार्डन, लोनी और मसूरी सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों की प्रमुख ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। फज्र की नमाज के बाद सुबह 8 बजे, 9 बजे और 10 बजे अलग-अलग स्थानों पर नमाज का आयोजन होगा। सभी प्रमुख स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### ड्रोन और सोशल मीडिया से निगरानी



**करंट क्राइम :** एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जा रही है, वहीं ड्रोन कैमरों और बीट पुलिसिंग के जरिए भी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। सभी डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहेंगे। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ ईद का पर्व मनाएं और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# कानून का इंसाफ और कुदरत का हुआ फैसला

## दुष्कर्म में 10 साल और हत्या में उम्रकैद की मिली सजा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के बाद अदालत ने दो अलग-अलग मामलों में सख्त फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और जुमार्ने से दंडित किया है, जबकि हत्या के मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)/अपर सत्र न्यायाधीश, गाजियाबाद ने थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र से जुड़े दुष्कर्म मामले में आरोपी साहिल उर्फ सलाउद्दीन पुत्र सब्बीर को दोषी करार देते हुए धारा 376(1) आईपीसी में 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 452 आईपीसी में 5 वर्ष के सश्रम कारावास व 5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा



सुनाई। अभियोजन के अनुसार आरोपी ने 15 अप्रैल 2019 को वादी के घर में घुसकर उसकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया था। वहीं, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट), गाजियाबाद ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में वर्ष 2004 में हुई हत्या के मामले में आरोपी गुड्डू उर्फ सिराजुद्दीन और नसीम को दोषी ठहराया। कोर्ट ने दोनों को धारा 302/34 आईपीसी में आजीवन कारावास व एक-एक लाख रुपये अर्थदंड और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(५) में भी आजीवन कारावास व एक-एक लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया। इसके अतिरिक्त आरोपी गुड्डू उर्फ सिराजुद्दीन को आर्म्स एक्ट में 2 वर्ष के कठोर कारावास व 2 हजार रुपये अर्थदंड की सजा भी सुनाई गई। पुलिस के अनुसार, दोनों मामलों में कमिश्नरेट स्तर पर गठित कन्विक्शन सेल, विवेचक एवं अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप अदालत ने यह सख्त फैसला सुनाया है। अधिकारियों का कहना है कि आगे भी लंबित मामलों में इसी तरह तेजी लाकर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

# बीट पुलिसिंग की सटीक सूचना से टूटा कौशांबी वाला गिरोह

## बीट कांस्टेबल का इनपुट बना ब्रेकथ्रू, विदेशी नंबरों से चैट और संवेदनशील लोकेशन की फोटो-वीडियो सब हुए बरामद

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लागू बीट पुलिसिंग सिस्टम ने बड़ा खुलासा करते हुए कौशांबी और मसूरी क्षेत्र में सक्रिय देश विरोधी नेटवर्क का पदार्फाश कर दिया है। इस पूरे मामले की जड़ एक बीट कांस्टेबल की सतर्कता से जुड़ी है, जिसकी समय रहते दी गई सूचना ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया कि 24 अप्रैल 2025 से लागू बीट प्रणाली अब जमीन पर असर दिखा रही है और यही कारण है कि इतने संवेदनशील




नेटवर्क का खुलासा संभव हो सका। अब इस पूरे प्रकरण को राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। कई एजेंसियां अलग-अलग एंगल से जांच में जुटी हैं और विदेशी लिंक, फंडिंग व डेटा ट्रांसफर की गहराई से पड़ताल की जा रही है।

### बीट पुलिसिंग का ग्राउंड, इंटेलिजेंस मॉडल सफल

**करंट क्राइम :** इस पूरे मामले में पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पहले जहां गाजियाबाद में 612 बीट थीं, अब उनकी संख्या बढ़ाकर 2131 कर दी गई है। नगर जोन में 640, ट्रांस हिंडन में 693 और ग्रामीण जोन में 798 बीट सक्रिय हैं। इन पर 941 उपनिरीक्षक और 1431 बीट अधिकारी तैनात हैं, जो स्थानीय स्तर पर खुफिया जानकारी जुटा रहे हैं। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने साफ किया कि बीट पुलिसिंग को और मजबूत किया जाएगा और हर संवेदनशील इनपुट पर तुरंत कार्रवाई होगी, ताकि भविष्य में इस तरह के नेटवर्क पनप न सकें। यह खुलासा सिर्फ एक केस नहीं, बल्कि ग्राउंड लेवल इंटेलिजेंस की ताकत का बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है।

### बीट कांस्टेबल बना की प्लेयर

**करंट क्राइम :** 14 मार्च को कौशांबी क्षेत्र के भोवापुर इलाके में तैनात बीट कांस्टेबल विनेश चौधरी ने संदिग्ध गतिविधियों को भांपते हुए तत्काल सूचना थाना और एसीपी स्तर के अधिकारियों को दी। शुरूआती इनपुट को गंभीरता से लेते हुए पुलिस और अन्य

संबंधित खबर, पृष्ठ 2

# पहन कर वेषभूषा काली, विधायक ने मंत्र पढ़े 'जय मां काली'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर चैत्र नवरात्र में विशेष अनुष्ठान कर रहे हैं। मंत्रों की गूंज और विधि विधान से होती ये पूजा इस बात का बड़ा संकेत है कि ये कोई सामान्य अनुष्ठान नहीं हो रहा है। इस अनुष्ठान में मंदिर का यज्ञ स्थल है। इस अनुष्ठान में कहीं नदि का तट है और इस पूजा पद्धति को देखकर



ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये अनुष्ठान कोई सामान्य नहीं अपितु विधि विधान से बेहद विकट है। दैनिक करंट क्राइम ने नवरात्र के पूजा अनुष्ठान को लेकर जब लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर से बात की तो उन्होंने बताया कि वह प्रत्येक नवरात्र मं प्रतिदिन उपवास रखते हैं। मां शक्ति के सभी स्वरूपों की पूजा करते हें। विशेष अनुष्ठान के सवाल पर उन्होंने कहा कि विधि विधान है और पूजन का मामला अत्यंत गोपनीय है। बहरहाल लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर पूरे नौ दिन तक विधि विधान के साथ मां दुर्गा और जय मां काली की अराधना में है।

वो कभी काले वस्त्रों में नजर आ रहे हैं तो कभी विशेष मंत्रों के साथ आहवान करते दिखाई देते हैं। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर अक्सर ऐसी साधनाओं में व्यस्त रहते हैं।

वो अपने जन्मदिन पर भी रात के समय अपने सभी समर्थकों को छोड़कर शमशान घाट में खीर की बाल्टी लेकर पहुंचे थे। और वहां खीर से हवन किया था। उनके बारे में कहा जाता है कि वो पंच धूनी तपस्या भी कर चुके है और बीते दिनों उन्होंने दिल्ली में दाती महाराज के सानिध्य में विशेष पूजा भी की थी। इन दिनों वह चैत्र नवरात्र में विशेष अनुष्ठान कर रहे हैं। अब ये अनुष्ठान शत्रु नाश के लिए है या क्षेत्र के कल्याण के लिए है। इसका बेहतर जवाब तो विधायक नंदकिशोर गुर्जर ही दे सकते हैं।

# धीरे धीरे आ रहा है विधान परिषद की कहानी में एक्टिविटि का ट्विस्ट

## केवल वो ही नहीं है यहां और भी कर रहे हैं डायरी, पेन, कलेंडर से लेकर कप तक गिफ्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत में दो तरह के खिलाड़ी होते हैं। पहली टीम वो होती है जो चुनाव लड़ाती है और ये टीम संगठन कहलाती है। इस टीम में भी सभी किरदार होते हैं। कौन नामांकन की प्रक्रिया संभालेगा और कौन वोटिंग वाले दिन बूथ पर बस्ता संभालेगा। कौन मतदाताओं से सम्पर्क साधेगा। इसी तरह दूसरी टीम चुनाव लड़ने वाली टीम होती है।

ये टीम समीकरण बिठाती है कि दावेदारी में कैसे सेट होना है। इसमें समझाया जाता है कि हमारा टारगेट चुनावी टिकट प्राप्त करना और किसी की बातों से अपसेट नहीं होना है। अपसेट वाली कहानी में एक किरदार ये भी है कि जिनसे हमें वोट मांगने जाना है उस वर्ग को कैसे सेट करना है। यहां कोई प्रलोभन नहीं है और वो इसलिए भी नहीं है क्योंकि ये तब होगा जब टिकट घोषित हो जायेगा। जब तक टिकट घोषित नहीं है तब तक ये केवल गिफ्ट है और गिफ्ट के सहारे सियासत लिफ्ट भी कर जाती है। सूत्र बताते है कि विधान परिषद वाले एक दावेदार ने बड़ी संख्या में डायरी, कलेंडर और पेन का स्टॉक जमा किया है। उनके पास एक लिस्ट है और इस लिस्ट के पते पर पहुँचकर ये डायरी, पेन, कलेंडर गिफ्ट हो रहे हैं। बताते हैं कि



दावेदारी के कहानी के दूसरे किरदार भी बड़ें दिलदार है। वो भी जानते हैं कि इस वाले चुनाव को कैसे लड़ा जाता है। उन्हें भी पता है कि केवल फार्म बांटने से काम नहीं चलेगा। अगर दावेदारी को फुल फॉर्म में लाना है तो यहां खुद को इस तरह से सेट करना पड़ेगा कि आपका नाम सुनते ही वोटर के चेहरे पर मुस्कान आये।

सूत्र बताते हैं कि अब फार्म बांटने वाले किरदार ने भी खुद को आगामी चुनाव के लिए तैयार कर लिया है। केवल पहले वाले ही फुल फॉर्म में नहीं है बल्कि अब दूसरे वाले भी फार्म के साथ साथ अपनी एक्टिविटि की फॉर्म में आ गये हैं। बताया जाता है कि वो भी अब डायरी, कलेंडर और पेन के साथ साथ गिफ्ट में एक खूबसूरत कप भी ले आये हैं।

उनके उपहार भी एक संदेश देकर वहीं तक पहुंचे हैं जहां तक संदेश देना है। सुना है कि उन्होंने भी अब उपहार बांटने के मामले में रफ्तार पकड़ ली है। एक ही दल के एक ही बिरादरी के ये दोनों किरदार अब पूरी ताकत के साथ जुट गये हैं।

उपहारों की चर्चा हो रही है और अभी ये उपहार ही माने जायेंगे। क्योंकि अभी ना आचार संहिता लागू हुई और ना अभी कोई भी दावेदारी बकायदा उम्मीदवार बना है। दावेदारी के उम्मीदवारी में बदलने तक ये पारी खेली जा सकती है।


आमंत्रण

**लोकसत्य**

**पूर्वी दिल्ली संस्करण**

के विमोचन में

आपको सादर आमंत्रित किया जाता है।

दिनांक : 21 मार्च 2026

समय: 11 : 30 बजे

स्थान: पूर्वा सांस्कृतिक केंद्र (PSK),
वी3 एस मॉल के निकट, निर्माण विहार, पूर्वी दिल्ली

मुख्य अतिथि

**श्रीमती रेखा गुप्ता**
दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री

अति विशिष्ट अतिथि

**श्री हर्ष मल्होत्रा**
माननीय सांसद पूर्वी दिल्ली एवं भारत सरकार के राज्य मन्त्री

विशेष अतिथि

**श्री मनोज तिवारी** — माननीय सांसद, उत्तर-पूर्वी दिल्ली
**श्री वीरेंद्र सचदेवा** — माननीय प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा दिल्ली
**श्री कपिल मिश्रा** — माननीय कैबिनेट मंत्री, दिल्ली सरकार

कृपया 11:30 बजे तक अपना स्थान ग्रहण कर लें

जलपान : 1 बजे

हम आपकी सम्मानित उपस्थिति की प्रतीक्षा में रहेंगे

संपर्क: 9899252237 , 9312226033

# मध्य पूर्व संकट गहराया, भारतीयों की सुरक्षा पर सरकार अलर्ट, पीएम मोदी का कूटनीतिक प्रयास तेज

**तनाव के बीच भारत की बढ़ी सक्रियता**

**कूटनीति के जरिए शांति पर जोर**



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गहराते युद्ध के बादलों और बढ़ती सैन्य तनातनी के बीच भारत ने अपनी कूटनीतिक सक्रियता भी तेज कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के पांच प्रभावशाली देशों के राष्ट्राध्यक्षों से फोन पर बात कर भारत का रुख स्पष्ट किया है।

पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने अहम जानकारी साझा की है. मंत्रालय के मुताबिक, खाड़ी क्षेत्र में चल रहे तनाव में अब तक 6 भारतीय नागरिकों की जान जा चुकी है, जबकि एक भारतीय अभी भी लापता है। सरकार लापता नागरिक की तलाश और मृतकों के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत लाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास कर रही है। विदेश मंत्रालय ने अब तक 3 लाख लोगों की वतन वापसी कराई है।

मिशन मोड में भारतीय दूतावास विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव असीम आर. महाजन ने बताया कि सऊदी अरब, ओमान, इराक और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित भारतीय मिशन स्थानीय अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में हैं। सरकार का पूरा जोर इस वक्त उन परिवारों को राहत पहुंचाने पर है।

लापता भारतीय की सुरक्षित बरामदगी के लिए भी स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ 'सर्च ऑपरेशन' तेज कर दिए गए हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के पांच प्रभावशाली देशों के राष्ट्राध्यक्षों से फोन पर बात कर भारत का रुख स्पष्ट किया है। संवाद और कूटनीति पर भारत का जोर प्रधानमंत्री ने ओमान के सुल्तान से भी बात की। पीएम मोदी ने कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को केवल 'संवाद और कूटनीति' के जरिए ही सुलझाया जा सकता है। भारत का प्राथमिक उद्देश्य फिलहाल तनाव को कम करना और क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति की बहाली करना है।

### ऊर्जा संरचना पर हमले की पीएम मोदी ने की निंदा

इस कूटनीतिक संवाद का एक बड़ा हिस्सा वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ा रहा। प्रधानमंत्री ने ऊर्जा संरचना पर हो रहे हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की। दरअसल, तेल और गैस के ठिकानों पर हमले वैश्विक बाजार में अस्थिरता पैदा कर सकते हैं, जिससे भारत सहित पूरी दुनिया प्रभावित होगी। इसके साथ ही, पीएम मोदी और अन्य नेताओं ने 'होर्मुज जलडमरूमध्य'से जहाजों की सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही का समर्थन किया है।

### रियाद में एक भारतीय की मौत

विदेश मंत्रालय में खाड़ी देशों के संयुक्त सचिव असीम महाजन ने कहा कि कल देर रात हमें 18 मार्च को रियाद में हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु की सूचना मिली। हम मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। रियाद स्थित हमारा दूतावास परिवार के संपर्क में है। हम शव को जल्द से जल्द भारत वापस लाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। अब तक विभिन्न घटनाओं में छह भारतीय नागरिकों की जान चली गई है और एक लापता है। सऊदी अरब, ओमान, इराक और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित हमारे दूतावास लापता भारतीय नागरिक को वापस लाने के लिए अधिकारियों के संपर्क में है।

# 26-27 मार्च की रात पांच घंटे बंद रहेंगी पीआरएस सेवाएं टिकट बुकिंग और कैंसिलेशन पर असर

**नई दिल्ली।** यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा योजना पहले से बना लें। टिकट बुकिंग और निरस्तीकरण जैसे कार्य निर्धारित समय से पहले ही निपटा लें।

उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र में पीआरएस (पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम) सेवाओं को बंद करने का निर्णय लिया है। यह सेवाएं 26 और 27 मार्च की रात को लगभग पांच घंटे के लिए उपलब्ध नहीं रहेगी। इस दौरान यात्रियों को टिकट बुकिंग और संबंधित कार्यों में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

### न टिकट बनेगी, न कैंसिल हो पाएगी

उत्तर रेलवे ने यह कदम प्रणाली में फाइलों के संपीड़न कार्य को ध्यान में रखते हुए उठाया है। 26 मार्च की रात 11:45 बजे से यह बंदी शुरू होगी। यह 27 मार्च की सुबह 04:45 बजे तक जारी रहेगी। इस अवधि में पीआरएस पोर्टल पूरी तरह से बंद रहेगा। दिल्ली पोर्टल पर पीआरएस आवेदन की कई महत्वपूर्ण सेवाएं प्रभावित होंगी। इनमें पीएनआर पूछताछ की सुविधा शामिल नहीं होगी। यात्री वर्तमान आरक्षण भी नहीं कर पाएंगे। टिकट निरस्तीकरण की सेवा भी उपलब्ध नहीं होगी। चार्टिंग और ईडीआर जैसी सुविधाएं भी बंद रहेंगी। काउंटरों पर पीआरएस रिपोर्ट प्राप्त करना भी संभव नहीं होगा।

**5 घंटे पूरी तरह बंद रहेंगी रेलवे सेवाएं**




### सेवाओं पर प्रभाव

पीआरएस सेवाओं के बंद होने से यात्रियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वे इस अवधि में ऑनलाइन या काउंटर से टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। पहले से बुक किए गए टिकटों को रद्द करना भी संभव नहीं होगा। पीएनआर की स्थिति जानने के लिए भी यात्री पूछताछ नहीं कर पाएंगे। यह बंदी यात्रियों की यात्रा योजनाओं को प्रभावित कर सकती है।

### असुविधा से बचने के उपाय

यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा योजना पहले से बना लें। टिकट बुकिंग और निरस्तीकरण जैसे कार्य निर्धारित समय से पहले ही निपटा लें। आपात स्थिति में वैकल्पिक यात्रा विकल्पों पर विचार करें। उत्तर रेलवे ने यात्रियों से इस असुविधा के लिए सहयोग की अपील की है।

# बीट पुलिसिंग की सटीक सूचना से टूटा कौशांबी वाला गिरोह

गौरव शशि नारायण

**बीट कांस्टेबल का इनपुट बना ब्रेकथ्रू, विदेशी नंबरों से चैट और संवेदनशील लोकेशन की फोटो-वीडियो सब हुए बरामद**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लागू बीट पुलिसिंग सिस्टम ने बड़ा खुलासा करते हुए कौशांबी और मसूरी क्षेत्र में सक्रिय देश विरोधी नेटवर्क का पदार्फाश कर दिया है। इस पूरे मामले की जड़ एक बीट कांस्टेबल की सतर्कता से जुड़ी है, जिसकी समय रहते दी गई सूचना ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया।



पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया कि 24 अप्रैल 2025 से लागू बीट प्रणाली अब जमीन पर असर दिखा रही है और यही कारण है कि इतने संवेदनशील नेटवर्क का खुलासा संभव हो सका।

अब इस पूरे प्रकरण को राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। कई एजेंसियां अलग-अलग एंगल से जांच में जुटी हैं और विदेशी लिंक, फंडिंग व डेटा ट्रांसफर की गहराई से पड़ताल की जा रही है।

### बीट पुलिसिंग का ग्राउंड, इंटेलिजेंस मॉडल सफल

**करंट क्राइम :** इस पूरे मामले में पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पहले जहां गाजियाबाद में 612 बीट थीं, अब उनकी संख्या बढ़ाकर 2131 कर दी गई है। नगर जोन में 640, ट्रांस हिंडन में 693 और ग्रामीण जोन में 798 बीट सक्रिय हैं। इन पर 941 उपनिरीक्षक और 1431 बीट अधिकारी तैनात हैं, जो स्थानीय स्तर पर खुफिया जानकारी जुटा रहे हैं। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने साफ किया कि बीट पुलिसिंग को और मजबूत किया जाएगा और हर संवेदनशील इनपुट पर तुरंत कार्रवाई होगी, ताकि भविष्य में इस तरह के नेटवर्क पनप न सकें। यह खुलासा सिर्फ एक केस नहीं, बल्कि ग्राउंड लेवल इंटेलिजेंस की ताकत का बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है।

### बीट कांस्टेबल बना की प्लेयर

**करंट क्राइम :** 14 मार्च को कौशांबी क्षेत्र के भोवापुर इलाके में तैनात बीट कांस्टेबल विनेश चौधरी ने संदिग्ध गतिविधियों को भांपते हुए तत्काल सूचना थाना और एसीपी स्तर के अधिकारियों को दी। शुरूआती इनपुट को गंभीरता से लेते हुए पुलिस और अन्य एजेंसियों ने संयुक्त रूप से जांच शुरू की, जो आगे चलकर बड़े नेटवर्क के खुलासे में बदल गई। जांच के दौरान सामने आया कि गिरोह से जुड़े आरोपियों—सोहेल मलिक, सनी, इरम, प्रवीण, राज वाल्मीकि, शिव वाल्मीकि और ऋतिक गंगवार—के मोबाइल फोन से विदेशी नंबरों पर लगातार चैटिंग के साक्ष्य मिले हैं। इतना ही नहीं, आरोपियों के पास से संवेदनशील स्थानों की फोटो और वीडियो भी बरामद हुई हैं, जो देश की सुरक्षा के लिहाज से बेहद गंभीर मानी जा रही हैं।

### दिल्ली कैंट और रेलवे स्टेशन तक पहुंची जांच

**करंट क्राइम :** जांच एजेंसियों को दिल्ली कैंट और सोनीपत रेलवे स्टेशन जैसे अहम स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों के संकेत मिले हैं। यहां सोलर कैमरा लगाने और लोकेशन सर्वे से जुड़े साक्ष्य भी मिले हैं, जिससे आशंका है कि नेटवर्क किसी बड़े उद्देश्य के लिए काम कर रहा था।

# दिल्ली दंगा आरोपी ताहिर हुसैन को जमानत: इलाज के लिए कोर्ट से मिली राहत

**15 दिन में सर्जरी कराने का निर्देश**



**दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा मामले में आरोपी ताहिर हुसैन को मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत मिली। इनगुइनल हर्निया के इलाज के लिए कोर्ट ने 15 दिनों में सर्जरी कराने और अस्पताल व जेल में पूरी देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के आरोपी पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को कोर्ट ने मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत दी है। उन्होंने इनगुइनल हर्निया के इलाज के लिए स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत की मांग की थी। कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली सरकार को उनकी सर्जरी 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। ताहिर हुसैन ने कड़कड़डूमा कोर्ट में याचिका दायर कर इनगुइनल हर्निया का हवाला दिया था।

उन्हें जल्द सर्जरी और विशेष देखभाल की आवश्यकता है। संक्रमण से बचाव व रिकवरी के लिए जेल से बाहर रहना जरूरी बताया गया। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को हुसैन की सर्जरी के बाद अस्पताल व जेल दोनों जगह पूरी देखभाल सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

यह आदेश अंतरिम जमानत की अर्जी पर आया है। 2020 फरवरी में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में 53 लोगों की मौत हुई थी। यह हिंसा नागरिकता संशोधन कानून के विरोध प्रदर्शनों के दौरान भड़की थी। जांच एजेंसियों ने इसे सुनियोजित साजिश बताया है, जिसमें ताहिर हुसैन मुख्य आरोपी हैं। जनवरी 2026 में उनकी नियमित जमानत भी खारिज हुई थी।

**स्वास्थ्य संबंधी आधार :** ताहिर हुसैन ने अपनी याचिका में इनगुइनल हर्निया से पीड़ित होने की जानकारी दी थी। उन्होंने जल्द सर्जरी और विशेष देखभाल की आवश्यकता पर जोर दिया था। सर्जरी के बाद संक्रमण से बचाव और उचित रिकवरी के लिए जेल से बाहर रहना जरूरी बताया गया। इन्हीं स्वास्थ्य आधारों पर उन्होंने कोर्ट से अंतरिम जमानत की मांग की थी।

**कोर्ट के निर्देश :** कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली सरकार को ताहिर हुसैन की हर्निया सर्जरी 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि उन्हें सर्जरी के बाद अस्पताल और जेल दोनों जगह पूरी देखभाल मिले। यह सुनिश्चित करना दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी होगी।

# भक्ति के रंग में रंगा खोड़ा: भाजपा नेता कालू यादव के निवास पर सजा माता का दरबार



### मुख्य अतिथि मृणालिनी दीदी ने किया दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत से शुभारंभ





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर भक्ति की अविरल धारा बही। भाजपा के वरिष्ठ नेता कालू यादव के निवास स्थान पर आयोजित 'विशाल माता जागरण' ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही धर्म और आस्था की जड़ें समाज में कितनी गहरी हैं। मुख्य अतिथि मृणालिनी दीदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि शक्ति की उपासना से ही मन की शुद्धि और समाज का कल्याण संभव है।



उनके सान्निध्य में भक्तों को विशेष आध्यात्मिक आशीर्वाद प्राप्त हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ ही पूरा पंडाल 'जय माता दी' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। भजनों की अमृत वर्षा में भीगे श्रद्धालु जागरण की शुरूआत गणेश वंदना और गुरु वंदना से हुई, जिसके बाद प्रदीप साल्वी, ओपी शर्मा, भजन गायकों ने माता रानी की एक से बढ़कर एक मनमोहक भेंटें प्रस्तुत कीं। भजनों की प्रस्तुति इतनी जीवंत थी कि श्रद्धालु पूरी रात भक्ति में सराबोर होकर झूमते रहे। आकर्षक झांकियों ने भी लोगों का मन मोह लिया, जिन्हें देखने के लिए दूर-दराज से लोग पहुंचे थे। जनकल्याण की मंगल कामना भक्तों का स्वागत करते हुए कालू यादव ने कहा, चैत्र नवरात्रि का यह पर्व शक्ति और संकल्प का प्रतीक है। माता रानी का आशीर्वाद हमारे क्षेत्र और देश पर सदैव बना रहे, इसी मंगल कामना के साथ इस जागरण का आयोजन किया गया है। जनसेवा के साथ-साथ आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

प्रमुख हस्तियों की रही उपस्थिति इस भव्य आयोजन में स्थानीय भाजपा कार्यकताओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की व्यवस्था को सुचारू बनाने में युवाओं की टोली सक्रिय रही। भंडारे के साथ हुआ समापन भोर की बेला में माता रानी की दिव्य आरती उतारी गई, जिसमें हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

आरती के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहाँ सभी भक्तों ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के अंत में कालू यादव ने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अश्वनी यादव मुकेश राणा सचिन चौहान अंकित यादव राहुल यादव राजवीर यादव विष्णु शर्मा सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

# हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसी महिला

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी के डीएलएफ क्षेत्र कि मनीष बिहार सोसाइटी मैं एक बहु मंजिला बिल्डिंग में पांचवी मंजिल पर रह रही 74 वर्षीय महिला बिजली की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को पड़ोसियों ने पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।




जानकारी के मुताबिक थाना अंकुर बिहार डीएलएफ क्षेत्र मनीष बिहार सोसाइटी में एक मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के पांचवी मंजिल में बुजुर्ग रेनू अग्रवाल अपने परिवार के साथ रहती है उसके फ्लैट से सटी हुई बिजली की हाई टेंशन लाइन निकली है सुबह लगभग 9:30 बजे रेनू अग्रवाल कपड़े सूखाने के लिए अपनी बालकनी में लगे ग्रिल पर कपड़े डाल रही थी इसी दौरान अचानक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गई और वह बुरी तरह से घायल हो गई बताया जा रहा है कि उसका दाहिना हाथ पूर्ण रूप से डैमेज हो गया है जिसे पड़ोसियों ने पास के जगमोहन हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है चिकित्सकों का कहना है कि दाहिना हाथ काटना भी पड़ सकता है। चमन विहार विद्युत उपखंड के एसडीओ का कहना है कि हादसा तो हुआ है लेकिन लाइन पहले से ही निकली हुई है बिल्डर ने बिल्डिंग बाद में बनाई है फिलहाल उस महिला का आधार कार्ड और भी आईडी एकत्र की जा रही है मामले की जांच की जा रही है घायल महिला को उचित मुआवजा दिलाने के लिए करवाई की जाएगी।

# चार किसान नेताओं के खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**मंडोला बिहार योजना की अधिग्रहित भूमि की खरीद फरोख्त करने का आरोप**

**लोनी।** ट्रोनिका सिटी थाना में 19 फरवरी 26 की देर शाम 9:20 बजे 4 कथित किसान नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यह केस उत्तर प्रदेश आवास व विकास परिषद मंडोला बिहार के अधिशासी अभियंता नीरज कुमार की शिकायत पर किया गया है। शिकायत में अधिशासी अभियंता नीरज कुमार ने बताया है कि योजना की खसरा भूमि नम्बर 1334 मोजा मंडोला का परिषद को विधिवत कब्जा प्राप्त है। इस खसरे का मूल काश्तकार नीरज त्यागी पुत्र तेज सिंह निवासी पंचलोक लोनी द्वारा आपसी करार नियमावली 1997 के अनुसार 18 जून 2011 को परिषद के साथ करार किया और उक्त भूमि का कब्जा भी परिषद को प्राप्त है।

अधिशासी अभियंता का आरोप है कि विगत दिनों उन्हें ऑनलाइन खसरा खतौनी का अवलोकन करने पर पता चला कि काश्तकार नीरज त्यागी द्वारा कूट रचित तरीके से धोखाधड़ी करते हुए उक्त परिषद को विधिवत कब्जा प्राप्त भूमि खसरा नम्बर 1334 मोजा मंडोला की भूमि 0.2590 हे0 में से आशीष पुत्र उदयवीर निवासी राजीव नगर बेगमपुल दिल्ली , प्रवीण मलिक पुत्र जयपाल सिंह निवासी लक्ष्मी गार्डन लोनी तथा विपिन कुमार निवासी रामपार्क लोनी को क्रमशः 0.041880 हे0 ,0.0209 हे0 व 0.0209 हे0 अवैध/अनाधिकृत रूप में विक्रय कर 8 जुलाई 25 को बैनामा एवम् 19 अगस्त 25 को भूराजस्व अभिलेखों में अपने नाम दर्ज करा लिये ,जोकि आपत्तिजनक , गैरकानुनी तथा धोखाधड़ी का स्पष्ट घोतक है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि उत्तर प्रदेश आवास व विकास परिषद अधिनियम 1965 की धारा-28 व 32 के अनुसार अधिग्रहित एवं कब्जा प्राप्त भूमि का क्रय विक्रय किया जाना पूर्णतया प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी है।

अधिशासी अभियंता नीरज कुमार ने शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए नीरज ,आशीष , प्रवीण व विपिन के खिलाफ परिषद की भूमि बेचने व खरीदने के अपराध में भूमाफिया एक्ट व धोखाधड़ी से संबंधित सुसंगत धाराओ यथा 318(4),338,336(3),340(2) बीएनएस एक्ट व भूमाफिया एक्ट आदि के तहत केस दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि अधिशासी अभियंता नीरज कुमार की शिकायत पर गुरुवार देर शाम को ट्रोनिका सिटी थाने में केस दर्ज किया है। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह कर रहे है। विवेचनात्मक कार्रवाई के दौरान दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# धामी कैबिनेट का हुआ विस्तार, विधायक खजान दास भरत सिंह चौधरी सहित पांच मंत्रियों ने ली शपथ

**देहरादून।** क्षेत्रीय व जातीय समीकरण के बीच संतुलन बनाते हुए पांच नए मंत्रियों को धामी कैबिनेट में एंट्री मिली है। लोकभवन में राज्यपाल ने विधायक खजान दास, भरत सिंह चौधरी, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा, राम सिंह कैड़ा को मंत्रिपद की शपथ दिलाई।

धामी मंत्रिमंडल में पांच नए मंत्रियों की ताजपोशी की गई। राजपुर विधायक खजान दास, भरत सिंह चौधरी, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और राम सिंह केड़ा ने आज धामी मंत्रिमंडल में मंत्रिपद की शपथ ली। प्रदेश में लंबे समय से कैबिनेट विस्तार की चचाएं थी, जिन पर आज विराम लगा। नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को लोकभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने सबसे पहले राजपुर विधायक खजान दास को शपथ दिलाई। इसके बाद भरत सिंह चौधरी ने संस्कृत में शपथ ली। फिर विधायक मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और राम सिंह केड़ा ने भी मंत्रिपद की शपथ ली।

**धामी कैबिनेट में पांच नए मंत्रियों की ताजपोशी**



वर्तमान में कैबिनेट में पांच मंत्रियों के पद खाली हैं, जिनमें नए मंत्रियों की ताजपोशी की गई। ताजपोशी के लिए नए चेहरों का चयन विधायकों के पिछले चार साल के कामकाज का रिकॉर्ड देखकर किया गया है। नई कैबिनेट में क्षेत्रीय व जातीय समीकरण के बीच संतुलन बनाया गया। राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ कैबिनेट विस्तार पर कई दौर की वार्ता हो चुकी थी।

### मैदान से लेकर पहाड़ तक संतुलन बनाया

धामी मंत्रिमंडल में मैदान से लेकर पहाड़ तक संतुलन बनाया है। पहली बार हरिद्वार को दो कैबिनेट मंत्री मिले। अब कैबिनेट में गढ़वाल के आठ और कुमाऊं के चार मंत्री हैं। तीन विधायक पहली बार कैबिनेट मंत्री बने। दो पुराने मंत्रियों को भी मौका दिया गया।

सरकार व संगठन के बीच कैबिनेट विस्तार के लिए होमवर्क पूरा होने के बाद इसके लिए नवरात्र का शुभ मुहूर्त चुना गया।

# सड़क हादसा : बोलेरो पेड़ से टकराई, पिता-पुत्र समेत 5 की मौत

**आगरा।** आगरा जिले में भीषण हादसा हुआ। कैला देवी से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार सड़क किनारे पेड़ में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। पिता-पुत्र समेत पांच की मौके पर ही मौत हो गई।




आगरा के थाना चित्राहाट के बाह-कचौरा घाट मार्ग पर बृहस्पतिवार रात को कैला देवी का दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो पेड़ से टकरा गई। भीषण टक्कर में पूर्व फौजी पिता-पुत्र सहित 5 की मौत हो गई। मृतकों में 3 साल की बच्ची भी शामिल है। वहीं चार लोग गंभीर घायल हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस का कहना है कि हादसे की वजह चालक को झपकी आना माना जा रहा है। मृतक इटावा और औरैया के रहने वाले थे।

पेड़ से टक्कर के बाद कार के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। कार के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के चलते लोग उसमें फंस गए। वह मदद के लिए चीखते रहे। स्थानीय लोगों और पुलिस ने उन्हें कार के शीशे तोड़कर बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल भेजा। घटना रात तकरीबन 11:30 बजे की है। नगला बर, इकदिल, इटावा निवासी पूर्व फौजी कामता प्रसाद (70) परिवार के लोगों के साथ दो गाड़ियों में राजस्थान के करौली कैला देवी मंदिर में दर्शन के लिए गए थे। बृहस्पतिवार को घर लौट रहे थे। चित्राहाट थाने से 200 मीटर की दूरी पर कार सड़क किनारे के पेड़ से टकरा गई।

हादसे में बोलेरो कार सवार कामता प्रसाद, उनके छोटे बेटे देवेंद्र (35), पुत्रवधू सीमा (32), औरैया के प्रतापपुरा निवासी धेवते ऋषि (20) पुत्र चरन सिंह, 3 साल की आराध्या पुत्री नीरज की मौत हो गई। वहीं मृतक देवेंद्र का बेटा आदित्य (13), भाई दीपक की बेटी रोशनी (22), बेटा ऋषभ (18) और बोलेरो चालक उन्नाव के महोवा निवासी अवनीश घायल हो गए।

घटना के बाद चीख-पुकार मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण आ गए। उन्होंने कार में फंसे लोगों को शीशा तोड़कर बाहर निकाला।

# पेट्रोल डालकर शख्स को लगा दी आग, इमाम पर आरोप, पीड़ित की जयपुर में मौत

**टोंक।** टोंक जिले के मालपुरा उपखंड के डिग्गी थाना क्षेत्र के कलमंडा गांव से एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। यहां मस्जिद के इमाम द्वारा एक नमाजी को जिंदा जलाने की सनसनीखेज वारदात अब मौत में बदल चुकी है। इस घटना ने न सिर्फ स्थानीय लोगों को स्तब्ध कर दिया, बल्कि पूरे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल बना दिया है।




### मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद

जानकारी के अनुसार, घटना से एक दिन पहले मस्जिद में बिजली के बटन बंद करने को लेकर इमाम अब्दुल रशीद और नमाजी हकीम पुत्र अलादीन के बीच कहासुनी हुई थी। उस समय मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवा दिया था, जिससे लगा कि विवाद खत्म हो गया है।

### बदले की आग में खौफनाक वारदात को दिया अंजाम

बताया जा रहा है कि अगले ही दिन इमाम अब्दुल रशीद ने इस मामूली विवाद को लेकर बदले की भावना में खौफनाक कदम उठा लिया।

जब नमाजी हकीम मस्जिद परिसर में बने टॉयलेट में दैनिक उपयोग के लिए गए हुए थे, तभी इमाम ने बाहर से टॉयलेट का दरवाजा बंद कर दिया और पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।




दैनिक **करंट क्राइम**

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित









# कौशांबी जासूसी कांड: अब तक 15 गिरफ्तार



## - पाकिस्तान तक भेजी जा रही थीं संवेदनशील सूचनाएं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कौशांबी थानाक्षेत्र से उजागर हुए देश विरोधी जासूसी नेटवर्क में पुलिस को लगातार बड़ी सफलता मिल रही है। इस हाईप्रोफाइल मामले में अब तक 15 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिनमें हाल ही में 9 नए आरोपियों को पकड़ा गया है। गिरफ्तारी के साथ ही इस नेटवर्क की परतें खुलती जा रही हैं, जबकि इसके दो मुख्य सरगना नौशाद अली (बिहार) और समीर उर्फ शूटर (भागलपुर, बिहार) अभी भी फरार हैं। पुलिस कमिश्नरेट की टीमें फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं।

अधिकारियों का मानना है कि इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद इस पूरे जासूसी नेटवर्क से जुड़े और बड़े खुलासे हो सकते हैं। एडिशनल सीपी (कानून-व्यवस्था/यातायात) राजकरन नैय्यर के अनुसार, यह मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा बेहद संवेदनशील प्रकरण है। अब तक की कार्रवाई में गणेश, विवेक, गगन और दुर्गेश निषाद समेत कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि इस गिरोह में पांच बाल अपचारी भी शामिल पाए गए हैं।

### पैसों के लालच में देश से गद्दारी

करंट क्राइम : जांच में सामने आया है कि इस नेटवर्क में शामिल अधिकांश आरोपी कम पढ़े-लिखे और आर्थिक रूप से कमजोर हैं। सभी को मामूली रकम के लालच में इन्हें नेटवर्क से जोड़ा गया। साथ ही हर सूचना के बदले 500 से 15,000 रुपये तक का भुगतान किया जाता था। आरोपियों ने पैसों के लिए संवेदनशील और गोपनीय सूचनाएं साझा कीं, कई आरोपियों को अपने कृत्य की गंभीरता का अंदाजा तक नहीं था, पुलिस ने बताया है कि यह नेटवर्क तकनीकी माध्यमों के जरिए बेहद संगठित तरीके से काम कर रहा था।

## फरार मास्टरमाइंड की तलाश तेज

## नौशाद अली और समीर उर्फ शूटर की धरपकड़ को कई राज्यों में दबिश

### नौशाद, समीर और सुहैल – नेटवर्क के मास्टरमाइंड

करंट क्राइम : जांच में तीन प्रमुख चेहरे इस पूरे नेटवर्क के संचालन में सामने आए हैं। नौशाद अली और समीर उर्फ शूटर फिलहाल फरार, पहले गिरफ्तार सुहैल भी मुख्य साजिशकर्ता के रूप में चिन्हित हैं। ये तीनों हैंडलर के रूप में पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहे थे, जो देश से गोपनीय जानकारी जुटाकर पाकिस्तान तक पहुंचाने का जिम्मा इन्हीं के पास था।

### एसआईटी की निगरानी में गहन जांच

करंट क्राइम : मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ने एसआईटी (विशेष जांच टीम) का गठन किया है। एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर के पर्यवेक्षण में जांच जारी है। जिस टीम में एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक, एसीपी अपराध अमित सक्सेना, एसीपी अभिसूचना, थाना कौशांबी अजय शर्मा, क्राइम ब्रांच स्वॉट प्रभारी अनिल राजपूत, साइबर व ट्रांस हिंडन जोन की टीमें भी ऑपरेशन में जुटी हैं। साथ ही तकनीकी सर्विलांस के जरिए फरार आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि यह नेटवर्क सुनियोजित तरीके से देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहा था। फिलहाल जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और आने वाले दिनों में इस मामले में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना है।

पुलिस ने आरोपियों से मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड और दो कैमरे बरामद किए हैं। इन उपकरणों के जरिए वीडियो, फोटो और लोकेशन डेटा जुटाया जाता था, आरोपी जीपीएस लोकेशन ऑन रखकर संवेदनशील स्थानों की जानकारी भेजते थे, दिल्ली और हरियाणा के कई अहम इलाकों की गोपनीय सूचनाएं भी लीक की गई हैं। पुलिस ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया है।

# क्या नहीं दिखा रहे हैं रामलीला कमेटी के पदाधिकारी मांगने पर भी खाता और बही

## क्यों बोले पूर्व पदाधिकारी जब मैंने चुनाव को कहा तो जम गयी थी मुंह में दही

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सबसे पुरानी रामलीला में धीरे धीरे महाभारत वाला माहौल बन रहा है। पहले रामलीला कमेटी के पूर्व कार्यवाहक महामंत्री दिनेश शर्मा बब्बे ने हिसाब मांगा। वो व्हाट्सएप ग्रुप पर हिसाब मांगते रहे और उन्हें कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल और कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू ने संदेश भी भिजवाया कि जब आपका मन हो तब आप अपने साथ चार सीए लेकर कमेटी कार्यालय आ जाओ और एक एक पैसे का हिसाब देख लो। लेकिन एक्सपायर्ड कमेटी के एक्स टैम्परेरी महामंत्री दिन में रामलीला के गेट पर पार्किंग वालों के साथ कम्बल वालों के साथ बैठे दिखाई दिये और शाम को वो हिसाब मांगने लगते थे।

कार्यकारिणी बैठक में वो लैटर लेकर गये और किसी को पता ही नहीं चला कि लैटर में मैटर क्या था। अब जब चुनाव की बात चली तो कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल ने कहा कि आम सभा बुलायेंगे और चुनाव करायेंगे। विवाद उस कार्यकारिणी बैठक को लेकर है जिसमें आनन्द गर्ग ने ये प्रस्ताव दिया था कि चुनाव ना करा कर इसी कमेटी का कार्यकाल दो साल आगे बढ़ा दिया जाये। बताया जाता है कि अब विरोध इसी प्रस्ताव को लेकर शुरू हुआ है और यहां विरोध का पहला बाण रामलीला कमेटी के उप प्रधान रहे मिथलेश गुप्ता के तरकश से निकला है। उन्होंने कहा कि मैं उस कार्यकारिणी मीटिंग में था और मैं ही ऐसा सदस्य था जिसने प्रधान के माध्यम से चुनाव कराने को कहा था। उनका कहना है कि मेरे कहते ही सभी के मुंह में दही जम गयी थी।

मैंने ये भी कहा था कि एजेन्डे में चुनाव क प्रस्ताव को क्यों नहीं रखा गया। लेकिन कमेटी के प्रधान ने सभी के समक्ष कहा था कि रामनवमी के बाद आम सभा होगी और उसमें चुनाव की तारीख घोषित कर दी जायेगी। इसके अतिरिक्त एक नयी बात मैं ये बताना चाहता हूं कि ना तो पिछला और ना ही वर्तमान का लेखा जोखा इस कार्यकारिणी बैठक में रखा गया। जो कि कार्यकरिणी में पास करना चाहिए था।





### क्या कमेटी हो चुकी है कालातीत और नहीं है कार्यक्रम का अधिकार

करंट क्राइम। रामलीला कमेटी की रार अब धीरे धीरे बढ़ रही है। सदस्यों में विरोध इस बात को लेकर भी हुआ कि जब कमेटी का चुनाव हुआ है और कमेटी के पदाधिकारी देख रेख कर रहे हैं तो फिर हर बुकिंग के रजिस्टर अलग अलग बनाने पर कौन जोर दे रहा है। अगर बुकिंग के लिए उन लोगों का लिया जायेगा जो चुनाव लड़े ही नहीं या चुनाव हार गये तो फिर जीतकर आने वालों के जनादेश का क्या सम्मान है। बताते हैं कि यहां इस बात पर जोर है कि पहले चुनाव होगा, फिर तीन साल वाला प्रस्ताव यहां पास होगा और फिर उस पर रजिस्ट्रार के यहां से मोहर लगेगी। कहा ये भी जा रहा है कि वर्तमान कमेटी कालातीत हो चुकी है और इस कमेटी को नातो कोई कार्यक्रम आयोजित करने का अधिकार है और ना चुनाव कराने की पावर है। अब डिप्टी रजिस्ट्रार के आदेश पर चुनाव होगा।

# नाजिया ईलाही खान की सुरक्षा पर सियासी हलचल तेज

## लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सीपी से की मुलाकात, मिला जल्द सुरक्षा देने का आश्वासन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी क्षेत्र में हाल ही में हुई चर्चित घटना के बाद अब नाजिया ईलाही खान को मिली धमकियों ने पुलिस और प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। धमकी मिलने के बाद उन्होंने पुलिस से औपचारिक शिकायत की, जिसके बाद मामला तेजी से तूल पकड़ता नजर आ रहा है। सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गई हैं और पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट रूप से नाजिया ईलाही खान की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई और कहा कि इस तरह की धमकियों को किसी भी सूरत में हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। वहीं बताया जा रहा है कि मुलाकात के बाद पुलिस अधिकारियों ने विधायक को भरोसा दिलाया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द ही नाजिया को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान विधायक के साथ उनके सहयोगी यतेंद्र नगर भी मौजूद रहे।



### लोनी विधायक ने कहा हम डरने वाले नहीं हैं

करंट क्राइम : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि वह नाजिया ईलाही खान के साथ खड़े हैं और किसी भी तरह की धमकी या दबाव से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को मिली धमकी को गंभीरता से लिया जाता है और इस मामले में भी सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। जल्द ही सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप देकर लागू किया जाएगा, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर बहस को तेज कर दिया है, वहीं प्रशासन इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही से बचने के मूड में नहीं है।

### कई राज्यों की पुलिस और खुफिया एजेंसियां सतर्क

करंट क्राइम : सूत्रों के अनुसार, नाजिया ईलाही खान को मिले धमकी भरे फोन कॉल के बाद केवल स्थानीय पुलिस ही नहीं, बल्कि दिल्ली, गाजियाबाद, दिल्ली और मुंबई पुलिस भी अलर्ट हो गई है। खुफिया एजेंसियां भी इस पूरे मामले की निगरानी कर रही हैं और कॉल की लोकेशन, नेटवर्क व संभावित साजिश की गहन जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि सुरक्षा के मद्देनजर नाजिया की गतिविधियों और आवागमन पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। जरूरत पड़ने पर उन्हें व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) उपलब्ध कराने की तैयारी है।

# सुलग रही है भगवा नगरी में लिस्ट में नाम ना आने की आग

## करेंगे अब देवतुल्य जाकर बड़े नेताओं से अलग अलग मुलाकात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में संगठन का प्रयास रहता है कि सभी को समायोजित किया जाये। इसके लिए किसी पर सरकारी कृपा होती है, किसी को संगठन में दायित्व मिलता है। दायित्व का दायरा बढ़ाया जाता है और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को एडजस्ट किया जाता है। सरकारी कृपा में भी इस बात का ध्यान रखा जाता है कि अधिक से अधिक चेहरों को पद मिले ताकि वो खुद का एक कद महसूस करें। ये भी सत्य है कि संगठन से लेकर सरकार तक सभी को समायोजित करने की पूरी कोशिश होती है। लेकिन जब परिवार बड़ा हो जाये तो फिर इन बातों को लेकर तकरार भी होती है।

भाजपा में संगठन वाली लिस्ट आने के बाद और फिर नामित पार्षद वाली सूचि जारी हो जाने के बाद से ही नाराजगी की अग्नि धधक रही है। कई चेहरों को ये बात बेचैन कर रही है कि अगर तुम उसे कुछ बना सकते हो तो फिर हमारे नाम पर विचार क्यों नहीं हुआ। जो बन गये हैं वो आभार व्यक्त कर रहे हैं लेकिन जो नहीं बन पाये हैं वो सोशल मीडिया पर अपने दिल का गुबार निकाल रहे हें। कोई संगठन को कोस रहा है तो कोई जनप्रतिनिधियों में कमियां तलाशते हुए तंज कस रहा है। कुछ ऐसे चेहरे हैं जिन्होंने ना तो शब्दों में अपना रंज व्यक्त किया है और ना फेसबुक पर तंज कसा है। लेकिन इन चेहरों ने एक अजीब सी खामोशी धारण कर ली है। वो किसी को भी गरमजोशी से बधाई नहीं दे रहे हैं। कुछ ऐसे चेहरे हैं जो अब मोबाईल फोन पर आ रही कॉल को रिसीव नहीं कर रहे हैं। कुछ इतना नाराज हैं कि घर पर आये किसी दोस्त के लिए दरवाजे नहीं खोल रहे हैं। नाराजगी का ये तूफान नदिया के उस पार से लेकर लाईन के इस पार तक आया हुआ है। कई तो इतना नाराज हैं कि अब उन्होंने अपने फोन की कॉन्टैक्ट लिस्ट से कई नम्बर तक डिलीट कर दिये हैं। वो अपने अपने तर्क दे रहे हैं और गिला इस बात को लेकर है कि हमने इतना किया और हमीं को कुछ नहीं मिला। नाराजगी का तूफान बढ़ रहा है और सूत्र बताते हैं कि अब ये नाराज देवतुल्य जल्द ही दिल्ली से लेकर लखनऊ तक जाने की तैयारी में हैं। वो अब संगठन के बड़े पदाधिकारियों से लेकर सरकार के मंत्रियों तक दिल की बात बताने को तैयार हैं।

सूत्र बताते हैं कि इस कड़ी में आज कुछ नाराज देवतुल्य कैबिनेट मंत्री से भी मुलाकात कर सकते हैं। यहां की बात करें तो यहां मामला एक पूर्व मंडल अध्यक्ष की नाराजगी को लेकर है। पूर्व मंडल अध्यक्ष को उम्मीद थी कि उन्हें वार्ड का टिकट मिल जायेगा लेकिन टिकट वाला सीन विकट हो गया। फिर वो इस बात के इंतजार में थे कि अब उन्हें सरकारी कृपा से नवाजा जायेगा। टिकट ना मिला ना सही लेकिन नामित पार्षदों वाली लिस्ट में नाम आ जायेगा। संगठन वालों की कृपा होगी और संगठन वाली लिस्ट में दायित्व मिलेगा। मगर जब लिस्ट जारी हुई तो यहां उनकी भावनाओं को ही टविस्ट करा दिया गया। उन्हें कहीं भी जगह नहीं मिली। इसके बाद जब नामित पार्षद वाली सूचि आयी तो इमोशनल अत्याचार ही हो गया। वो पुराने कार्यकर्ता हैं।

मंडल के प्रधान रहे हैं मगर उनके सामने इंतहा ये हो गया कि उस पार के विधायक जी का कोई खास नामित पार्षद हो गया। उस पार के विधायक जी ने अपने इस पार रहने वाले खास चेहरे को नामित पार्षद बनवा दिया। नाराजगी ही इस बात को लेकर है कि तुम पावर का हैवी वेट हो और उसके बाद भी अगर हम पर कृपा ना हो तो किस बार का पावर वाला करंट माने हम। कहानी एक पूर्व मंडल अध्यक्ष पर नहीं सिमट रही है। कहानी में और भी किरदार हैं। सवाल अब अपने मंत्री से ये भी रहेगा कि यदि आप दखल देते तो कुछ तो विचार होता। बताते हैं कि मंत्री जी के टच वाले तो टू मच दुखी हैं। वो समझ ही नहीं पा रहे कि पावर सेंटर के नजदीक रहकर भी कृपा वाला करंट नहीं आया। बताते हैं कि दर्दे दिल ये नाराज देवतुल्य कैबिनेट मंत्री से मिलेंगे।

# जब नहीं मिलनी थी फुर्सत सड़क बनाने की तब क्या जरूरत थी मंत्री जी से उद्घाटन कराने की



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** आम तौर पर सरकार अपनी जनकल्याण नीति का मुलाईजा विकास कार्यों से करती है। सबका ये प्रयास होता है कि विकास हो। विकास का मतलब सड़क है। विकास का मतलब पुल है। विकास का मतलब खडंजा है। विकास का मतलब फ्लाईओवर है। और इन सब बातों की जो कॉमन बात है वो ये है कि वो विकास, विकास नहीं माना जायेगा जिसमें नारियल ना हो, जिसमें लडडू ना हों। विकास के साईज के हिसाब से उद्घाटन का नारियल तय होता है। छोटा विकास हो तो पार्षद नारियल फोड़ देंगे। लेकिन बड़ा विकास है तो फिर विधायक जी के हाथों से ही उद्घाटन होता अच्छा लगता है। बड़ा विकास है तो मंत्री जी आयें तो बात बनती है।

मामला नदियापार की सड़क का है और बताया जाता है कि यहां एक सड़क का निर्माण होना था। सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी के कोटे से होना था और इसके लिए कैबिनेट मंत्री को मुख्य अतिथि बनाया गया। बताते हैं कि करोड़ों की लागत से इस सड़क का निर्माण होना था। मामला बड़े बजट का था तो इसमें कैबिनेट मंत्री मुख्य अतिथि बने। लगभग एक महीने पहले कैबिनेट मंत्री जी ने उद्घाटन कर दिया और चले गये। मंत्री जी को यही पता होगा कि जिस सड़क का वो उद्घाटन करके आये हैं, वहां सड़क बन रही होगी। लेकिन उन्हें नहीं पता कि एक महीना बीत जाने के बाद भी वहां कोई सड़क बननी तक शुरू नहीं हुई। सवाल अब यही उठ रहा है कि जब सड़क बनाने की फुर्सत ही नहीं थी तो कैबिनेट मंत्री से उदघाटन कराने की जरूरत क्या थी। अधिकारियों की इस शिथिलता ने बैठे बैठे विपक्ष के नेताओं को मुद्दा दे दिया है। समाजवादियों ने इस सड़क को लेकर तंज कसा है। वैसे भी इन दिनों समाजवादी विपक्षी तेवरों के साथ है। बसपा कांग्रेस भले ही खामोश रहें लेकिन समाजवादी इन दिनों जन मुददों को लेकर जोश में भी हैं और वो रोष भी प्रकट करने आते हैं। सड़क लोकार्पण का नारियल फूट गया और एक महीने बाद वहां कुछ नहीं हुआ तो समाजवादियों ने इस सड़क पर निगाहें रख ली हैं। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने इस पर कटाक्ष किया है।



> ''मंत्री जी ने नारियल फोड़ा और फीता काटा, लेकिन एक महीने बाद भी काम शुरू न होना यह दशार्ता है कि वह केवल वाह-वाही लूटना चाहते थे। यह जनता के साथ छलावा है। प्रशासन तुरंत नींद से जागे और निर्माण कार्य शुरू करे।''
> – वीरेन्द्र यादव एडवोकेट



### उद्घाटन के एक महीने बाद भी सड़क का काम बंद, जनता बेहाल: वीरेन्द्र यादव

करंट क्राइम। मोहन नगर से जीटी रोड सीमा बॉर्डर तक की जर्जर सड़क का मुद्दा अब तूल पकड़ता जा रहा है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और स्थानीय सांसद अतुल गर्ग द्वारा सड़क निर्माण का उद्घाटन किए जाने के एक महीने बाद भी धरातल पर काम शुरू न होने से स्थानीय निवासियों में भारी रोष है। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने कहा कि बड़े-बड़े वादों के साथ सड़क का फीता तो काट दिया गया, लेकिन आज भी जनता धूल और गड्ढों के बीच सफर करने को मजबूर है।

### मुख्य समस्याएं जो बनीं मुसीबत:

**धूल और गड्ढे :** सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, जिससे उड़ती धूल और गहरे गड्ढे दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं।
**ट्रैफिक जाम :** मुख्य मार्ग होने के कारण यहाँ स्कूली बसों, एम्बुलेंस और दैनिक यात्रियों का भारी दबाव रहता है, जो घंटों जाम में फंसे रहते हैं। 'ट्रांसपोर्ट नगर' एक बड़ा व्यावसायिक केंद्र है, जहाँ दूसरे राज्यों से भारी वाहनों का आवागमन होता है। सड़क खराब होने से व्यापारिक गतिविधियाँ भी प्रभावित हो रही हैं।
**जनता का स्वास्थ्य :** लाखों की आबादी इस मार्ग के दोनों ओर रहती है, जो धूल के कारण सांस संबंधी समस्याओं से जूझ रही है।



# अयोध्या में हुई प्रभु श्रीराम यंत्र की स्थापना में शामिल चेहरों में मान सिंह और बसंत त्यागी को भी मिला स्थान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति केवल सियासत का नाम नहीं है ये सामाजिक सरोकारों से लेकर धार्मिक संस्कारों का भी नाम है। राष्ट्रवाद की भावना के साथ साथ हमेशा अपने मन के भीतर अपने पारिवारिक मूल्यों कोजिंदा रखना चाहिए। अपनी परम्पराओं और धर्म को जीवंत दिखाना चाहिए।

अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में जब श्रीराम मंदिर की स्थापना हुई तो वहां भाजपा के प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी भी रहे। इस एतिहासिक पल में उनके साथ भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी भी रहे। ये एक बड़ा कार्यक्रम था और इसमें महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु भी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची। बताते हैं कि इस कार्यक्रम में कई हजार स्वयं सेवक मौजूद थे।

बेहद व्यवस्थित कार्यक्रम था। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने श्रीराम यंत्र स्थापना को एक एतिहासिक पल बताया और कहा कि मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे इस पावन पल का साक्षी बनने का अवसर मिला। राम भक्तों के लिए ये एक गर्व की अनुभूति है जिसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।

# संवाद

## संपादकीय

### पश्चिम एशिया युद्ध संकट

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह चिंता गहरा रही है कि अगर इसका स्वरूप और बिगड़ता गया, तो आने वाले दिनों में संकट का दायरा ज्यादा व्यापक और गंभीर हो सकता है। सच यह है कि इजराइल और अमेरिका के ईरान पर साझा हमले के बाद अब युद्ध ने जो रुख अख्तियार कर लिया है, उसमें शांति की उम्मीद फिलहाल धुंधली लग रही है।
हमले के क्रम में जिस तरह स्कूली बच्चों और आम लोगों तक की फिक्र नहीं की गई, उसे लेकर पहले ही अंतरराष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन के कई सवाल उठे हैं। अब हालात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हमलों का निशाना अब दोनों पक्षों के तेल और गैस के वे ठिकाने बन रहे हैं, जिसका वैश्विक स्तर पर गंभीर असर पड़ेगा। खासतौर पर युद्ध के आगे बढ़ने के साथ-साथ खाड़ी के कई देशों में हालात बेहद जटिल होते जा रहे हैं। गौरतलब है कि इजराइल ने बुधवार को ईरान में स्थित दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस सुविधा केंद्र पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने गुरुवार को कतर के रास लाफान के ठिकाने को निशाना बनाया, जो वहां मुख्य तरल प्राकृतिक गैस को तैयार करने वाला मुख्य केंद्र है।
ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध की वजह से कच्चे तेल की आपूर्ति पहले ही कई स्तरों पर बाधित है और इसका स्वाभाविक असर इसकी कीमतों पर पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों के भीतर कच्चे तेल के दाम में तेज बढ़ोतरी और वैश्विक स्तर पर कमजोरी के रुख से शेयर बाजार में गुरुवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई।
एक ओर, बीएसई सूचकांक में करीब 2500 अंक की बड़ी गिरावट हुई, वहीं एनएसई निफ्टी 775 अंक लुढ़क गया। जून, 2024 के बाद इसे सूचकांक में एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट बताया गया है। इस तरह की स्थिति को कई बार अन्य कारकों से भी जोड़ा जाता है, लेकिन इस बार वैश्विक स्तर पर तस्वीर लगभग साफ है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अब ऊर्जा के बुनियादी ढांचों या तेल एवं गैस संयंत्रों पर हमलों में तेजी के बाद कच्चे तेल के दाम में काफी उछाल आया है।
इसका एक स्वाभाविक असर निवेशकों की धारणा पर पड़ा है, जिनके भीतर मौजूदा उथल-पुथल को लेकर एक तरह का असुरक्षाबोध पैदा हुआ है। दरअसल, जब से ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को रोका है, उसके बाद दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति भी बाधित हुई है। भारत जैसे कई देश इससे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और तेल तथा गैस के लिए वैकल्पिक स्रोतों की ओर देख रहे हैं। इस क्रम में भारत ने रूस से तेल खरीद बढ़ाई है। मगर अब पश्चिम एशिया के युद्ध में शामिल दोनों पक्षों की ओर से जिस तरह प्राकृतिक गैस का उत्पादन करने वाले केंद्रों और ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया जा रहा है, उससे संकट और ज्यादा गहराने की आशंका खड़ी हो रही है।
जैसे-जैसे हमलों का स्वरूप जटिल होता जा रहा है, तेल और गैस की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हो रही है। खासतौर पर कतर के रास लाफान पर हमले के बाद भारत को होने वाली प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका है।
जाहिर है, भारत को अब प्राकृतिक गैस की जरूरत के लिए आस्ट्रेलिया और रूस जैसे अन्य देशों की ओर देखना पड़ सकता है।

# तेज खरीदारी से बाजार में वापसी

## सेंसेक्स 325 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,114 पर बंद

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 325.72 अंक उछलकर 74,532.96 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 112.35 अंक की बढ़त के साथ 23,114.50 पर बंद हुआ। ईंधन की कीमतों में और अधिक वृद्धि की आशंकाओं के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, आईटी और धातु शेयरों में जोरदार खरीदारी के चलते शुक्रवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82 पैसे गिरकर 93.71 पर बंद हुआ।

एक और उतार-चढ़ाव भरे सत्र में, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 325.72 अंक या 0.44 प्रतिशत चढ़कर 74,532.96 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 1,079.15 अंक या 1.45 प्रतिशत बढ़कर 75,286.39 पर पहुंच गया था।

50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 112.35 अंक या 0.49 प्रतिशत बढ़कर



23,114.50 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 343 अंक या 1.49 प्रतिशत की उछाल आई और यह 23,345.15 पर पहुंच गया।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल :** सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाइटन, एनटीपीसी और सन फार्मा प्रमुख लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं। एचडीएफसी बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक पिछड़ने वालों में शामिल थे।

**प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में हुई वृद्धिः** इस बीच, शुक्रवार को प्रीमियम या उच्च श्रेणी के पेट्रोल की कीमत में 2 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई, और औद्योगिक उपयोगकताओं को बेचे जाने वाले थोक डीजल की दर में लगभग 22 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई, जो पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक तेल की कीमतों में उछाल को दशार्ती है।
संघर्ष को कम करने और तेल व गैस अवसंरचना पर हमलों से बचने के उद्देश्य से की गई सकारात्मक टिप्पणियों के कारण दिन के दौरान मामूली सुधार देखने को मिला। हालांकि, निवेशकों का भरोसा अभी भी कमजोर बना हुआ है, और युद्ध संबंधी अनिश्चितताओं के बीच सप्ताहांत में हिस्सेदारी बनाए रखने के प्रति प्रतिभागियों की अनिच्छा के कारण लाभ में कमी आई है। अनुसंधान विश्लेषक और लिवेलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा कि भारतीय शेयर बाजारों में राहत से प्रेरित उछाल देखने को मिला।

# प्रीमियम पेट्रोल महंगा, तेल कंपनियों ने 2 रुपये से ज्यादा बढ़ाए दाम



**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने भारत में प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी का एलान किया है, जिससे विशेष ईंधन का उपयोग करने वाले ग्राहकों पर असर पड़ेगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 20 मार्च 2026 से प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में दो रुपये से लेकर 2.3 रुपये प्रति लीटर तक का इजाफा किया गया है। पुणे में नई कीमतों के अनुसार, 'स्पीड' और 'पावर' जैसे प्रीमियम पेट्रोल के दाम में 2.09 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। पहले इस पेट्रोल का भाव 111.68 रुपये प्रति लीटर था, जो अब बढ़कर 113.77 रुपये प्रति लीटर हो गया है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

यह फैसला मुख्य रूप से मध्य पूर्व में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक ईंधन बाजारों पर इसके बढ़ते प्रभाव के कारण लिया गया है। हालांकि, आम उपभोक्ताओं के लिए यह एक बड़ी राहत की बात है कि नियमित (रेगुलर) पेट्रोल की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है।

डीलरों के माध्यम से प्राप्त जानकारी में कहा गया है, इस ताजा मूल्य वृद्धि का सीधा असर प्रमुख तेल कंपनियों के ब्रांडेड ईंधनों पर देखने को मिला है।

### मध्य पूर्व का भू-राजनीतिक संकट और कच्चे तेल पर प्रभाव

भारत में प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में हुई यह बढ़ोतरी वैश्विक स्तर पर बन रहे युद्ध के हालातों का सीधा परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध और तनाव के कारण तेजी से ऊपर जा रही हैं। वैश्विक ईंधन बाजार इस समय भारी अस्थिरता का सामना कर रहा है, जिसका दबाव अब घरेलू बाजार में भी दिखने लगा है। इसके अतिरिक्त, वैश्विक स्तर पर ईरान संघर्ष को लेकर भी कई घटनाक्रम सामने आ रहे हैं। एक तरफ ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने ईरान के साथ संघर्ष को खारिज करते हुए 53 मिलियन पाउंड की सहायता योजना की घोषणा की है, वहीं दूसरी ओर जर्मनी ने भी ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए डोनाल्ड ट्रंप के दबाव को अस्वीकार कर दिया है।

# महंगाई और वैश्विक तनाव के बीच गुड़ी पड़वा पर ज्वेलरी बिक्री रही फीकी

**नई दिल्ली।** गुड़ी पाड़वा पर इस साल सोने-चांदी की बिक्री न्यूट्रल रही, क्योंकि पश्चिम एशिया तनाव और बढ़ती महंगाई के कारण उपभोक्ता सतर्क रहे। कीमतों में स्थिरता के बावजूद हल्के और किफायती आभूषणों की मांग बढ़ी, जबकि बाजार में कुल मिलाकर मिश्रित रुख देखने को मिला।
पिछले साल गुड़ी पाड़वा के दिन सोने और चांदी की बिक्री में स्थिरता देखने को मिली, क्योंकि पिछले साल सोने की कीमतों में काफी तेजी थी, बावजूद इसके उपभोक्ताओं ने खरीदारी की थी, लेकिन इस साल परिस्थितियां बदली हुई नजर आईं।
पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की वजह से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल हुई है। ऊर्जा क्षेत्र में संकट के कारण एलपीजी और एलएनजी की बढ़ी कीमतों ने इस तनाव को और बढ़ा दिया है। हालांकि मौजूदा समय में सोने और चांदी की कीमतें पिछले कुछ दिनों से स्थिर बनी हुई है, यानी उनमें बहुत अधिक उतार-चढ़ाव नहीं आया है। इसके कारण ज्वेलर्स को उम्मीद थी कि गुड़ी पाड़वा को खरीदारी देखने को मिल सकती है।



### कैसे बदल रहा आभूषणों का ट्रेंड?

मिया बाय तनिष्क की बिजनेस हेड श्यामला रामानन ने कहा भारत का आभूषण बाजार धीरे-धीरे विकसित हो रहा है, क्योंकि उपभोक्ता पारंपरिक अवसरों, त्योहारों पर खरीदारी किए जाने वाले आभूषणों के साथ ही रोजमर्रा के आभूषणों को भी अपना रहे हैं। यह बदलाव हमने युवा उपभोक्ताओं में देखा है, जो ऐसे बहुमुखी और किफायती आभूषणों की तलाश करते हैं।

### गुड़ी पाड़वा पर घरेलू ज्वेलरी की बिक्री रही न्यूट्रल

कामा ज्वेलर्स के कॉलिन शाह कहते हैं, सोने की खरीदारी करना भारतीयों को पंसदीदा निवेश रहा है और गुड़ी पाड़वा जैसे शुभ मौके पर बड़ी संख्या में खरीदारी की जाती रही है। इस साल, गुड़ी पाड़वा के दौरान घरेलू ज्वेलरी की बिक्री न्यूट्रल रही, भले ही लंबे समय के बाद सोने की कीमतों में गिरावट आई हो। हालांकि निवेशकों ने इस मौके का फायदा उठाया, लेकिन मौजूदा भू-राजनीतिक हालात को देखते हुए उपभोक्ता वर्ग ने अपनी खरीदारी सर्तक रखी।

### हल्के आभूषणों की खरीदारी देखने को मिली

शाह कहते हैं कि भले ही सोने की कीमतें थोड़ी कम हुई हों, बावजूद इसके हल्के आभूषणों की खरीदारी इस बार देखने को मिली। इसमें 9 कैरेट, 14 कैरेट और 18 कैरेट में सस्ती हल्के सस्ते सोने के आभूषणों की मांग युवा खरीदारों में बढ़ी। वे कहते हैं शादि ब्याह जैसी आवश्यक खरीदारी को छोड़ दें तो इस साल त्योहारों में बिक्री में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं होगी और कारोबार बड़े पैमाने पर न्यूट्रल रही।

# एलपीजी को लेकर सरकार अलर्ट, अफवाहों से दूर रहने की अपील

**नई दिल्ली।** सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच एलपीजी संकट के बारे में लोगों को आगाह किया है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और अपने सिलिंडर की डोर स्टेप डिलिवरी का इंतजार करें'।

13700 से अधिक कनेक्शन दिए गए हैं और 7500 से अधिक लोग एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट हुए हैं। ऑनलाइन बुकिंग्स में लगभग 93% की बुकिंग ऑनलाइन है। उनकी डिलिवरी की जा रही है। पैनिक बुकिंग कम हुई है। कल 55 लाख बुकिंग हुई है। सभी राज्यों के पास सप्लाई उपलब्ध है। पिछले एक हफ्ते में 11300 टन कमर्शियल एलपीपी उपभोक्ताओं को दी गई है। इस सप्लाई का 50 प्रतिशत शिक्षण संस्थाओं



और अस्पतालों को मिला है। लगभग 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम सेटअप किए गए हैं। जिला निगरानी समिति भी काम कर रहे हैं। पिछले 24 घंटों में लगभग 4500 जगहों पर छापेमारी की गई है। उत्तर प्रदेश में करीब 1100 जगहों पर छापेमारी की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने भी 1800 जगहों पर सरप्राइस इंस्पेक्शन किया है। एलपीजी के बारे में यही कहना है कि स्थिति अब भी चिंताजनक है, लेकिन उपभोक्ता अफवाहों पर ध्यान न दें और वैकल्पिक ईंधन का अधिक से अधिक उपयोग करने की कोशिश करें।

पीएम ने दुनिया के पांच नेताओं से की बातः विदेश मंत्रालय प्रेस वार्ता के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, प्रधानमंत्री ने कल दुनिया के पांच नेताओं से बात की।

### खाड़ी में फंसे जहाज और नाविक पूरी तरह सुरक्षितः पोत परिवहन व जलमार्ग मंत्रालय

पोत परिवहन व जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पिछले 24 घंटे में समुद्र से कोई अप्रिय घटना नहीं है। डीजी शिपिंग की लगातार मॉनिटरिंग लगातार जारी है। खाड़ी क्षेत्र में फंसे हमारे सभी 22 जहाज और 6 से अधिक नाविकों में सभी सुरक्षित है। पिछले 24 घंटों में हमारी हेल्पलाइन पर करीब सवा सौ कॉल और 200 से अधिक ईमेल आए। पिछले 24 घंटों के दौरान 25 भारतीयों को अभियान चलाकर भारत वापस लाया गया। देश के किसी भी पोर्ट पर कहीं कोई कंजेशन की स्थिति नहीं है। कार्गो के संचाल और कार्गो की आवाजाही में कहीं कोई दिक्कत नहीं है। न्यू मंगलोर पोर्ट ने क्रूड और एलपीजी के कार्गो से जुड़े चार्ज के वेवर के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। ये 14 मार्च से 31 मार्च तक वैध है।

# फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीएफओ श्रीराम वेंकटरमन ने पद छोड़ा, निशांत वर्मन वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स प्रमुख फ्लिपकार्ट ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसके ग्रुप मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) श्रीराम वेंकटरमन अपने पद से हट रहे हैं। वेंकटरमन कंपनी में सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए कुछ समय तक बने रहेंगे। इस अंतरिम अवधि के दौरान, फ्लिपकार्ट के सीएफओ रवि अय्यर संगठन में वित्तीय विभाग की देखरेख करेंगे। वॉलमार्ट समर्थिक इस कंपनी ने वेंकटरमन के शीर्ष-स्तरीय बदलाव के साथ ही निशांत वर्मन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कॉरपोरेट विकास और साझेदारी के रूप



में नियुक्त करने की घोषणा की है। वर्मन एक उद्यमी के रूप में अपना एक क्रॉस-बॉर्डर निर्यात मंच शुरू करने के बाद फ्लिपकार्ट में लौट रहे हैं। उन्होंने पहले माइक्रोसॉफ्ट की कॉरपोरेट विकास टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### श्रीराम वेंकटरमन का पद छोड़ना

फ्लिपकार्ट ग्रुप के मुख्य वित्तीय अधिकारी श्रीराम वेंकटरमन ने अपने पद से हटने का फैसला किया है। कंपनी ने बताया कि वह सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए कुछ समय तक कंपनी के साथ बने रहेंगे।

इस अंतरिम अवधि के दौरान, फ्लिपकार्ट के वर्तमान सीएफओ रवि अय्यर व्यापक वित्त संगठन की जिम्मेदारियों को संभालेंगे। यह बदलाव कंपनी के वित्तीय नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### निशांत वर्मन की वापसी

कंपनी ने निशांत वर्मन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कॉर्पोरेट डेवलपमेंट और पार्टनरशिप्स के रूप में वापस लाने की घोषणा की है। वर्मन ने पहले अपना खुद का उद्यम, बजार नामक एक क्रॉस-बॉर्डर निर्यात मंच शुरू किया था। उनके पास माइक्रोसॉफ्ट की कॉरपोरेट डेवलपमेंट टीम और मॉर्गन स्टेनली में तकनीकी निवेश बैंकिंग का अनुभव है। उनकी वापसी से फ्लिपकार्ट के रणनीतिक विकास और नए व्यापारिक अवसरों की तलाश में मदद मिलेगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- माउंट एवरेस्ट पर इसके बारे में 200 मृत शरीर हैं, जो अब शीर्ष के रास्ते पर मौजूद हैं।
- माउंट एवरेस्ट न केवल पर्वतारोहियों की लाशों से बनी है, लेकिन अनुमानित 50 टन कचरा, यह दुनिया का सबसे गन्दा पर्वत बना रहा है।
- ऐतिहासिक रूप से, हर 100 पर्वतारोहियों के लिए जिन्होंने इसे माउंट एवरेस्ट के शिखर तक अपनी पहुँच बनायीं है, 4 की मृत्यु हो गई है।
- माउंट एवरेस्ट पर चढ़ते हुए 65,000 अमेरिकी डॉलर का खर्च आता है।
- माउंट एवरेस्ट के शीर्ष पर पानी का उबलते बिंदु 71 डिग्री सेल्सियस है। माउंट एवरेस्ट प्रत्येक वर्ष 4 मिमी बढ़ता है।
- माउंट एवरेस्ट तक मार्ग पर उच्च गति वाला इंटरनेट है।
- नेपाल में 2015 भूकंप के कारण माउंट एवरेस्ट ने एक इंच (2.5 सेमी) सिकुड़ गया है।
- माउंट एवरेस्ट को 'ईव-रेस्ट' कहा जाता है, 'एवर-एस्ट' नहीं, जैसा कि इसका नाम जॉर्ज एवरेस्ट के नाम पर है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।
**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।
**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।
**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।
**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।
**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।
**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।
**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।
**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।
**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।
**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।
**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर : बताओ सबसे ज्यादा खुशी कब मिलती है?
स्टूडेंट : जब स्कूल की छुट्टी हो जाती है।

---

पत्नी : आप मुझे कितना प्यार करते हो?
पति : इतना कि तुम्हारे बिना जी सकता हूँ
पत्नी : गुस्सा
पति : पर रहना नहीं चाहता।

---

दोस्त : तू इतना परेशान क्यों है?
मैं : यार गर्लफ्रेंड ने कहा मुझे स्पेस चाहिए
दोस्त : तो दे दी?
मैं : हाँ अब वो नासा जाने की तैयारी कर रही है।

---

माँ : फोन छोड़ और पढ़ाई कर!
बेटा : माँ मैं अपना भविष्य बना रहा हूँ
माँ : कैसे?
बेटा : रील्स देखकर

---

पापा : बेटा, पढ़ाई कैसी चल रही है?
बेटा : बस पापा चल रही है
पापा : मतलब?
बेटा : जैसे सरकारी बस कभी-कभी

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# 'शाहीन अफरीदी को प्लेइंग-11 में नहीं रखना चाहिए'



**कराची।** राशिद लतीफ ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि शाहीन को पाकिस्तानी टी20 टीम की प्लेइंग-11 में जगह तक नहीं मिलनी चाहिए। शाहीन को हाल ही में पाकिस्तान वनडे टीम का कप्तान बनाया गया है। हालांकि, उनकी कप्तानी में पाकिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ 2-1 से हार का सामना करना पड़ा।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि शाहीन पाकिस्तान की टी20 टीम में प्लेइंग-11 में जगह पाने के हकदार नहीं हैं। शाहीन खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं और टी20 विश्वकप के दौरान उनकी जमकर पिटाई हुई थी। इसके बाद फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञों ने उनकी खूब आलोचना की थी। वहीं, हाल ही में बांग्लादेश दौरे पर उन्हें वनडे टीम का कप्तान भी बनाया गया, लेकिन इस सीरीज में भी उनकी गेंद पर खूब रन बने। पाकिस्तान की टीम बांग्लादेश से तीन मैचों की सीरीज में 2-1 से हार गई।

## लतीफ ने की शाहीन की आलोचना

लतीफ को लगता है कि टी20 विश्वकप में खराब प्रदर्शन के बावजूद शाहीन को टी20 कप्तान बनाने के लिए भी साजिश रची जा रही है। हालांकि, लतीफ इसके खिलाफ थे और उन्होंने कहा कि शाहीन को तो टी20 प्लेइंग-11 में जगह तक नहीं मिलनी चाहिए। लतीफ ने कहा, 'अब सभी कह रहे हैं कि शाहीन को वनडे कप्तान नहीं बनाना चाहिए था। मैं तो कहता हूं कि वह तो टी20 टीम में भी जगह बनाने के लायक नहीं हैं। लोग अब कह रहे हैं कि टी20 विश्वकप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद शाहीन को टी20 टीम का कप्तान बनाना चाहिए।'

## 'अब शाहीन का समय खत्म हो चुका'

लतीफ ने कहा, 'मैं मानता हूं कि ऐसा पहले होना चाहिए था। पर अब वह टी20 टीम में जगह पाने की काबिलियत नहीं रखते। लोग साजिश रच रहे हैं, कैंपेन बना रहे हैं कि कैसे शाहीन को वनडे की जगह टी20 में कप्तान बनाया जाए। वह तो टीम में जगह बनाने लायक नहीं हैं। उनका समय अब खत्म हो चुका है।'

### टीम चयन को लेकर शाहिद ने उठाए थे सवाल

अफरीदी ने आगे कहा, 'आप टीम की सर्जरी के नाम पर बहुत ज्यादा फैसले ले रहे हैं। आप ऐसे युवा खिलाड़ियों को चुन रहे हैं, जिन्होंने मुश्किल से कुछ फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं। आपका घरेलू क्रिकेट भी उस स्तर का नहीं है कि लगातार ऐसे खिलाड़ी तैयार कर सके, जो पाकिस्तान टीम में अपनी जगह पक्की कर सकें।'





### शाहिद अफरीदी ने चयनकताओं को घेरा था

इससे पहले शाहिद अफरीदी ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में हार के बाद देश की चयन समिति पर जमकर निशाना साधा था और इसके लिए सीधे तौर पर उन्हें जिम्मेदार ठहराया था। अफरीदी ने पीसीबी के चयनकताओं की कड़ी आलोचना करते हुए टीम के खराब प्रदर्शन पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'आपने 2026 टी20 वर्ल्ड कप में प्रदर्शन देखा और उसके बाद हम बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज 2-1 से हार गए। मेरी नजर में चयन समिति आलोचना की हकदार है। आप सभी ने इतना क्रिकेट खेला है, फिर भी आपको यह समझ नहीं आ रहा कि किस फॉर्मेट में किसे कप्तान बनाना चाहिए।'

# स्टार्क-हेजलवुड टूर्नामेंट के शुरूआती दौर से रह सकते हैं बाहर

**नई दिल्ली।** मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड भी अपनी-अपनी टीमों से नहीं जुड़े हैं और बताया जा रहा है कि आईपीएल के शुरूआती कुछ मुकाबलों में नहीं खेल सकेंगे।

आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने से पहले टीमों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड आईपीएल के शुरूआती दौर से बाहर रह सकते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए इन स्टार तेज गेंदबाजों के वर्कलोड को देख रही है, इसलिए इन दोनों का शुरूआती कुछ मैच में अपनी टीमों के लिए खेलना मुश्किल है।





## कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी टीमों से नहीं जुड़े

स्टार्क आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और हेजलवुड रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व करते हैं। स्टार्क और हेजलवुड के अलावा अन्य कई ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर भी आईपीएल 2026 के पूरे सीजन में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। इससे पहले, सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस और जैक एडवर्ड्स भी टूर्नामेंट के शुरूआती दौर से बाहर हो गए थे। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स के नाथन एलिस भी हैम्स्ट्रिंग चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं।

## व्यस्त है ऑस्ट्रेलिया का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर

ऑस्ट्रेलिया को अगले एक साल में 21 टेस्ट खेलने हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड का दौरा करेगी, जबकि 2027 में वनडे विश्व कप होना है। स्टार्क ने पांचों एशेज टेस्ट खेले और बिग बैश लीग में भी हिस्सा नहीं लिया।टी20 क्रिकेट से संन्यास के कारण वह विश्व कप का हिस्सा नहीं थे। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा कि कमिंस और हेजलवुड की उपलब्धता टाइमिंग का मसला है। उन्होंने कहा, अगर इसका उलटा होता, आईपीएल पहले और विश्व कप बाद में होता तो वे विश्व कप खेलने के लिए पूरे आईपीएल से बाहर रहते। हम जानते हैं कि वे ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना और जीतना चाहते हैं।

आईपीएल 2026 सीजन की शुरूआत 28 मार्च से हो रही है। इसके लिए खिलाड़ी अपने-अपने टीमों से जुड़ रहे हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी चोट या वर्कलोड के कारण अपनी टीमों से नहीं जुड़ सके हैं।

# भारत से वर्ल्ड कप मैच के लिए PAK हॉकी फेडरेशन लेगा सरकार से सलाह



**कराची।** भारत के खिलाफ हॉकी वर्ल्ड कप मैच को लेकर पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने सीधे फैसला लेने के बजाय सरकार से सलाह लेने का संकेत दिया है। इससे एक बार फिर खेल में राजनीति की दखलंदाजी देखने को मिल रही है और मुकाबले को लेकर अनिश्चितता का माहौल बन गया है।

पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) इस साल बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाले एफआईएच मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ खेलने के मामले में अपनी सरकार की सलाह लेगा। पाकिस्तान का ड्रामा खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। खेल को राजनीति से दूर करने की बात करने वाला पड़ोसी मुल्क लगातार राजनीति को खेल में शामिल कर रहा है। इससे पहले क्रिकेट में भी पाकिस्तान की गीदड़भभकियां सामने आई थीं, लेकिन बाद में उन्हें झुकना पड़ा था।

**भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में:** इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन (एफआईएच) ने टूर्नामेंट के ड्रॉ की घोषणा करते हुए बताया कि भारत और पाकिस्तान को 16 टीमों वाले इस वर्ल्ड कप के 'पूल डी' में रखा गया है। हालांकि, पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) के अधिकारियों ने 'टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट' को बताया कि 19 अगस्त को पहले राउंड के मैच में भारत के खिलाफ मैदान में उतरने के मामले में वे पूरी तरह से सरकार के फैसले का पालन करेंगे। पुरुषों का हॉकी वर्ल्ड कप 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड्स की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा।

# कब होगी गौतम गंभीर की एआई-डीपफेक याचिका पर सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गौतम गंभीर की एआई-डीपफेक के खिलाफ दायर की गई याचिका पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 23 मार्च तय की है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर की पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 23 मार्च की तारीख तय की है। हाईकोर्ट ने गौतम गंभीर के वकील से कहा है कि याचिका में जो कमियां है उसे सुधार कर लाएं।



**एक नकली क्लिप जिसमें उन्हें सीनियर क्रिकेटरों के विश्व कप में हिस्सा लेने के बारे में टिप्पणी करते हुए दिखाया गया था, इसे 17 लाख से ज्यादा बार देखा गया।**

**एआई-डीपफेक के खिलाफ सख्त कोच गंभीर**

गौतम गंभीर ने 19 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। याचिका में उन्होंने कहा था कि उनकी अनुमति के बिना उनके नाम, उनकी आवाज उनकी तस्वीर का वाणीज्यिक रूप से गलत इस्तेमाल हो रहा है। इसके लिए डीप फेक, एआई मैनिपुलेशन जैसी तकनीकों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है।

गौतम गंभीर के वकील ने कहा कि उनके क्लाइंट का डीप फेक वीडियो बनाकर उसका गलत इस्तेमाल सोशल मीडिया पर व्यूज बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। वीडियो में वह बयान में दिखाए जा रहे हैं जो गंभीर ने कभी दिए ही नहीं। गंभीर के इस्तीफा देने का भी एक एआई वीडियो डाला गया जिसने कुछ ही समय मे 29 लाख व्यूज हासिल कर लिया। गंभीर की तरफ से कहा गया है उनके 1.2 करोड से ज्यादा फॉलोअर हैं जबकि एक्स (पहले ट्विटर) पर ही इस तरह की फेक खबरे फैलाई जा रही है। यह मुकदमा 16 डिफेंडेंट के खिलाफ दायर किया गया है। इसमें कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स जैसे जैनकी फ्रेम्स, भूपेंद्र पेंटोला, लीजेंड्स रेवोल्यूशन, आदि शामिल हैं। इसके अलावा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म में ऐमेजॉन और फ्लिपकार्ट का नाम है। वहीं टेक कंपनियों में मेटा प्लेटफॉर्म, एक्स, गूगल, यूट्यूब, आदि शामिल हैं। साथ ही आईटी मंत्रालय और दूरसंचार विभाग को भी शामिल किया गया है, जो किसी भी कोर्ट ऑर्डर को लागू करने में मदद के लिए प्रोफार्मा पार्टी हैं।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फैलाया जा रहा झूठ

गंभीर की लीगल टीम ने दायर याचिका में कहा था कि 2025 के आखिर से गौतम गंभीर की लीगल टीम ने इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब, और फेसबुक पर नकली डिजिटल कंटेंट में तेजी से और चिंताजनक वृद्धि देखी। कई अकाउंट्स ने असली वीडियो बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फेस-स्वैपिंग और वॉइस-क्लोनिंग तकनीक का इस्तेमाल किया, जिसमें गंभीर को ऐसे बयान देते हुए गलत तरीके से दिखाया गया जो उन्होंने कभी दिए ही नहीं। इसमें एक नकली इस्तीफे की घोषणा भी शामिल थी, जिसे 29 लाख से ज्यादा बार देखा गया।

# आईपीएल का इकलौता विकेटकीपर जिसने 15 साल पहले एक ही मुकाबले में किए थे पांच शिकार, दिलचस्प है कहानी

**नई दिल्ली।** जिस खिलाड़ी की हम बात कर रहे हैं, वह हैं कुमार संगाकारा। संगकारा के नाम आईपीएल मैच में बतौर विकेटकीपर पांच शिकार करने का रिकॉर्ड है।

आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है। यह 19वां सीजन होगा। इससे पहले खेले गए 18 सीजन में सिर्फ एक ही विकेटकीपर के नाम एक मैच में पांच शिकार करने का रिकॉर्ड है। आइए, इस खिलाड़ी और मैच के बारे में विस्तार से जानते हैं।

जिस खिलाड़ी की हम बात कर रहे हैं, वह हैं कुमार संगकारा। संगकारा के नाम आईपीएल मैच में बतौर विकेटकीपर पांच शिकार करने का रिकॉर्ड है। उन्होंने यह कारनामा 14 अप्रैल 2011 को बतौर कप्तान डेक्कन चार्जर्स की ओर से खेलते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ किया था।





हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2011 के 11वें मुकाबले में डेक्कन चार्जर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 175 रन बनाए। इस पारी में भरत चिप्ली ने 35 गेंदों में नाबाद 61 रन की पारी खेली। उनके अलावा सनी सोहेल ने 38 रन और कुमार संगकारा ने 36 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। जेपी डुमिनी ने 22 रन बनाए। विपक्षी खेमे से जहीर खान ने सर्वाधिक तीन विकेट निकाले। जोहान वैन डेर वाथ और रायन निनन ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

इसके जवाब में आरसीबी निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर 142 रन ही बना सकी। इस टीम के लिए विराट कोहली ने 51 गेंदों में तीन छक्कों और पांच चौकों के साथ 71 रन बनाए, जबकि चेतेश्वर पुजारा ने 25 रन और मयंक अग्रवाल ने 16 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। इनके अलावा, कोई अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सका।

**संगकारा ने लिए थे पांच कैच**

इस बीच कुमार संगकारा ने तिलकरत्ने दिलशान (7), एबी डिविलियर्स (0), सौरभ तिवारी (7), जोहान वैन डेर वाथ (0) और रायन निनन (3) को विकेट के पीछे कैच आउट किया। संगकारा की बेहतरीन विकेटकीपिंग के दम पर चार्जर्स ने मुकाबला 33 रन से अपने नाम किया। डेक्कन चार्जर्स की तरफ से डेल स्टेन और मनप्रीत गोनी ने तीन-तीन विकेट निकाले। ईशांत शर्मा, डेन क्रिस्चियन और अमित मिश्रा ने एक-एक विकेट हासिल किया।

# तनाव के बीच क्या पाकिस्तान में सुरक्षित होंगे बांग्लादेशी, PSL में खेलने पर संशय

**कराची।** पाकिस्तान में तनाव के चलते बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने पीएसएल में खिलाड़ियों की भागीदारी पर बड़ा फैसला लिया है। अब खिलाड़ियों को भेजने से पहले सरकार से मंजूरी ली जाएगी। फिलहाल आंशिक एनओसी दिया गया है, लेकिन अंतिम निर्णय सुरक्षा हालात और सरकार की अनुमति पर निर्भर करेगा।

पाकिस्तान में जारी क्षेत्रीय तनाव के बीच पाकिस्तान सुपर लीग (ढरछ) 2026 में बांग्लादेशी खिलाड़ियों की भागीदारी पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने साफ कर दिया है कि अब खिलाड़ियों को पाकिस्तान भेजने से पहले सरकार से अनुमति ली जाएगी। हालांकि खिलाड़ियों को पहले ही एनओसी दिया जा चुका था, लेकिन मौजूदा हालात ने स्थिति बदल दी है। इस फैसले से कुल छह बांग्लादेशी खिलाड़ी प्रभावित हो सकते हैं। इनमें मुस्तफिजुर रहमान और परवेज हुसैन इमोन (लाहौर कलंदर्स) शामिल हैं। वहीं शोरिफुल इस्लाम, नाहिद राणा, तंजीद हसन तमीम और रिशाद हुसैन पेशावर जाल्मी टीम का हिस्सा हैं।



## BCB का बड़ा बयान

बीसीबी के क्रिकेट ऑपरेशंस चेयरमैन नजमुल अबेदिन ने साफ किया कि मौजूदा हालात सामान्य नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'हम अपने खिलाड़ियों को पीएसएल में भेजने से पहले सरकार से अनुमति जरूर लेंगे। सामान्य परिस्थितियों में इसकी जरूरत नहीं होती, लेकिन अभी खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर जोखिम है।' उन्होंने आगे कहा, 'हम सरकार से यह जानना चाहेंगे कि वहां जाना सुरक्षित है या नहीं। उसी आधार पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।'

**सरकार के फैसले पर टिकी नजर**

नजमुल अबेदीन ने यह भी स्पष्ट किया कि बोर्ड खुद स्थिति का आकलन नहीं कर सकता।

# ईरानी महिला टीम का तेहरान में भव्य स्वागत



**नई दिल्ली।** अब बिना टिकट स्टेडियम में घुसने वाले दर्शक को पांच साल तक फुटबॉल से प्रतिबंध और 1000 पाउंड तक जुमार्ना झेलना पड़ सकता है । इससे पहले इस तरह की किसी सजा का प्रावधान नहीं था ।

आर्सनल और मैनचेस्टर सिटी के बीच वेम्बले स्टेडियम पर होने वाले इंग्लिश लीग कप फाइनल से पहले लागू हुए नए कानून के तहत अब ब्रिटेन में बिना टिकट फुटबॉल मैच देखना अपराध की श्रेणी में आएगा। जुलाई 2021 में यूरोपीय चैम्पियनशिप फाइनल में हजारों दर्शक बिना टिकट नेशनल स्टेडियम में घुस गए थे जिससे हिंसा भड़क गई थी। इसके बाद सरकार की समीक्षा में पाया गया कि लोगों की जिंदगियां खतरे में थी और बिना टिकट स्टेडियम में घुसने वालों के लिये सजा कम थी। इसके तहत अब बिना टिकट स्टेडियम में घुसने वाले दर्शक को पांच साल तक फुटबॉल से प्रतिबंध और 1000 पाउंड तक जुमार्ना झेलना पड़ सकता है । इससे पहले इस तरह की किसी सजा का प्रावधान नहीं था ।

**ईरान की महिला फुटबॉल टीम का तेहरान पहुंचने पर भव्य स्वागत**

ईरान की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम का यहां लौटने के बाद भव्य स्वागत किया गया जबकि कई खिलाड़ियों ने आस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी।

# विदेशी स्टार्स, जो इस साल कर सकते हैं आईपीएल डेब्यू

## इनमें से छह को तो पहली बार मिला कॉन्ट्रैक्ट

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में 10 विदेशी खिलाड़ी डेब्यू के लिए तैयार हैं, जिनमें छह को पहली बार कॉन्ट्रैक्ट मिला है। ये खिलाड़ी अपनी-अपनी टीमों के लिए अहम भूमिका निभा सकते हैं और इस सीजन को और ज्यादा रोमांचक बना सकते हैं। आईपीएल 2026 की शुरूआत 28 मार्च से होने जा रही है और इस बार कई नए विदेशी खिलाड़ी पहली बार मैदान पर उतरते नजर आएंगे। इन खिलाड़ियों में कुछ ऐसे भी हैं जो लंबे समय से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे, जबकि कुछ को पहली बार आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट मिला है।



### 1. फिन एलेन (न्यूजीलैंड)



फिन एलेन एक विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं, जो पावरप्ले में मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें दो करोड़ रुपये में खरीदा है। दिलचस्प बात यह है कि वह 2021 से आईपीएल स्क्वॉड का हिस्सा रहे, लेकिन अभी तक डेब्यू का मौका नहीं मिला। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद अब उनसे उम्मीदें और बढ़ गई हैं। खास बात तो यह है कि टी20 विश्वकप 2026 में उनके साथ ओपनिंग में धमाल मचाने वाले टिम साइफर्ट भी केकेआर में ही हैं।

### 2. पथुम निसांका (श्रीलंका)



पथुम निसांका को आखिरकार आईपीएल में मौका मिला और उन्हें पहली बार कॉन्ट्रैक्ट मिला है। दिल्ली ने उन्हें चार करोड़ में खरीदा। वह एक भरोसेमंद टॉप ऑर्डर बल्लेबाज हैं, जो लंबी पारी खेलने में माहिर हैं। दिल्ली के लिए ओपनिंग समस्या का समाधान बन सकते हैं। टी20 विश्वकप में उन्होंने एक बेहतरीन शतक भी जड़ा था और वह शानदार फॉर्म में भी चल रहे हैं।

### 3. जैकब डफी (न्यूजीलैंड



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने पेस अटैक को मजबूत करने के लिए जैकब डफी को शामिल किया है। उनकी स्विंग गेंदबाजी और अनुभव टीम के लिए अहम हो सकता है, खासकर तब जब आरसीबी का एक प्रमुख गेंदबाज चोट से जूझ रहा हो। जोश हेजलवुड के खेलने पर सस्पेंस है और ऐसे में जैकब डफी अहम भूमिका निभा सकते हैं। डफी को भी पहली बार आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट मिला है।

### 4. ब्लेसिंग मुजरबानी जिम्बाब्वे



लंबे कद के तेज गेंदबाज मुजरबानी अपनी बाउंस और गति के लिए जाने जाते हैं। केकेआर ने उन्हें मुस्तफिजुर रहमान के रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किया और अब वह टीम के विदेशी पेस अटैक का नेतृत्व कर सकते हैं। मुजरबानी इससे पहले भी आईपीएल का हिस्सा रह चुके हैं। 2025 में आरसीबी ने उन्हें रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किया था।

### 5. बेन डकेट (इंग्लैंड



बेन डकेट इंग्लैंड के बैजबॉल युग के अहम खिलाड़ी हैं, लेकिन अब तक आईपीएल नहीं खेले थे। इस बार उन्हें पहली बार आईपीएल का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें दो करोड़ में खरीदा है और उनसे तेज शुरूआत की उम्मीद है। वह आक्रामक बल्लेबाजी से मैच का टेम्पो सेट कर सकते हैं।

### 6. अल्लाह गजनफर (अफगानिस्तान)



अल्लाह गजनफर मिस्ट्री स्पिनर हैं और मुंबई इंडियंस के लिए नया हथियार बन सकते हैं। पिछले सीजन में एमआई ने उन्हें शामिल किया था, लेकिन वह चोट के कारण नहीं खेल पाए थे, लेकिन अब फिट होकर वापसी कर रहे हैं। गजनफर को अफगानिस्तान में काफी हाई रेटिंग दी जाती है।

### 7. जॉर्डन कॉक्स (इंग्लैंड)



जॉर्डन कॉक्स एक विस्फोटक मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज और विकेटकीपर हैं। आरसीबी ने उन्हें 75 लाख में खरीदा है। अगर आरसीबी उन्हें मौका देती है तो उम्मीद करेगी कि कॉक्स फिनिशर की भूमिका निभाएं। वह टीम के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकते हैं। कॉक्स को भी पहली बार आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट मिला है।

### 8. कूपर कोनोली ऑस्ट्रेलिया



कूपर कोनोली युवा और प्रतिभाशाली ऑलराउंडर हैं। पंजाब किंग्स ने उन्हें फिनिशर की भूमिका के लिए चुना है। वह दबाव में शांत रहकर मैच खत्म करने की क्षमता रखते हैं। साथ ही रिकी पोंटिंग के कोच रहते और युजवेंद्र चहल जैसे स्टार स्पिनर के रहते कोनोली पंजाब के लिए अहम साबित हो सकते हैं।

# गाजियाबाद आसपास




## गाजियाबाद में I3 समिट 2026 का भव्य आयोजन

## स्टार्टअप्स और उद्योग जगत ने दिखाया नवाचार का दम

➡ समिट का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में 20 मार्च 2026 को क3 समिट 2026 का भव्य एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। कार्यक्रम को भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (टी३ ) के सहयोग से आयोजित किया गया, जबकि स्टार्टअप (उत्तर प्रदेश) और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का भी सहयोग प्राप्त हुआ। इस आयोजन में देशभर से आए स्टार्टअप फाउंडर्स, उद्योग विशेषज्ञों और नवाचारकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के इंडस्ट्री कंसल्टिंग डिवीजन ऑर्बिट्स एवं आईनर्चर इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा किया गया।

समिट का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नवाचार और उद्यमिता भारत को वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने की सबसे बड़ी ताकत हैं और युवाओं को स्टार्टअप एवं तकनीकी नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए। समिट के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों और स्टार्टअप्स को इंडस्ट्री एक्सीलेंस, इंडस्ट्री लीडरशिप और स्टार्टअप एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में कई प्रमुख उद्योगपतियों और नवाचारकताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इस दौरान दो उच्च-स्तरीय पैनल चर्चाओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें शोध एवं नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र, तकनीकी विकास, व्यावसायीकरण और वैश्विक नवाचार रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। विशेषज्ञों ने स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने और नए अवसरों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष श्री नीरज गोयल, महासचिव श्री शाश्वत गोयल, निदेशक डॉ. आलोक चौहान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में उद्योग, शिक्षा और नवाचार के बीच मजबूत समन्वय की झलक देखने को मिली। I3 समिट 2026 ने यह साबित किया कि जब शिक्षा, उद्योग और नवाचार एक साथ आते हैं तो वे केवल विचार नहीं बल्कि भविष्य का निर्माण करते हैं।

## भाजपा जिला संगठन पर नियमों की अनदेखी और परिवारवाद के आरोप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के जिला संगठन में हाल ही में हुई नियुक्तियों को लेकर पार्टी के अंदर ही असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। संगठन में नियमों की अनदेखी, उम्र सीमा के उल्लंघन और परिवारवाद को बढ़ावा देने जैसे आरोपों ने कार्यकताओं के बीच नाराजगी को हवा दे दी है। अंदरखाने चल रही चचाओं में संगठनात्मक फैसलों की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

उम्र सीमा और बाहरी नियुक्तियों पर सवाल आरोप है कि संगठन में 60 वर्ष से अधिक आयु के नेताओं को भी प्रमुख पदों पर जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही ऐसे लोगों को भी पद दिए जाने की चर्चा है, जिनका निवास जिले से बाहर बताया जा रहा है, जिससे स्थानीय कार्यकताओं में नाराजगी देखी जा रही है।

परिवारवाद को लेकर बढ़ा असंतोष संगठन में एक ही परिवार के दो सदस्यों को अहम जिम्मेदारियां दिए जाने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। वहीं एक जनप्रतिनिधि के परिवार से जुड़े सदस्य को संगठन में स्थान मिलने को लेकर भी कार्यकताओं के बीच चर्चा बनी हुई है।

एक व्यक्ति, कई जिम्मेदारियों का मुद्दा यह भी कहा जा रहा है कि कुछ पदाधिकारियों को संगठन के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी सौंपी गई हैं, जिससे संगठनात्मक संतुलन प्रभावित होने की बात सामने आ रही है।




### जिन्हें मिला उनके भी निकले आंसू और जिन्हें नहीं मिला उनके भी निकले हैं आंसु

फ्लॉवर वालों के यहां गिले शिकवों की आग धधक रही है। वैसे ये होना ही था क्योंकि यहां एक अनार सौ बिमार नहीं है, यहां तो आधा अनार है और एक हजार बिमार हैं। जो लाईम लाईट में थे वो हाशिये पर आ गये और जो हाशिये पर चल रहे थे वो प्राईम सीन में आ गये। दल वालों का दिल तब पिघल गया जब लाईफ टाईम के भाजपाई महामंत्री बनने पर रो पड़े। फार्मर फ्रंट वाले तो किसी के फोन पर ही रोने लगे । जिनकी सबसे लड़ाई हो जाती थी सुना है वो भी दहाड़े मार रहे थे। इमोशनल सीन था और इसे लेकर फ्लॉवर वाले ने ही कहा कि आपको सिर्फ दफ्तर के आंसु दिख रहे हैं और देवतुल्य तो वो भी हैं जा दफ्तर के बाहर हैं और आंसु उनके भी नहीं रूक रहे हैं। इनकी खुशी के मारे हार्ट बीट बढ़ गयी है और उनका हार्ट इस बात को कह रहा है कि हमें तो अपनों ने लूटा गैरों में कहां दम था।

### तीन पार्षद दावेदारों का हो गया है कृपा वाली लिस्ट में ही गेम फिनिश

लिस्ट आयी और खुशियों का ट्विस्ट आया। पार्षद दल में गजब की खुशी है और इस खुशी को देखकर एक्स नामित ने जबरदस्त ठहाका लगाया। उसने कहा हम भी बने थे और हमने भी कहा था विकास करायेंगे। मगर दस के दस की कहानी बस हो गयी और ना यकीन हो तो एक सिरे से नाम गिन लो। फिर उन्होंने बताया कि जो आज खुश हैं वो कल खुश नहीं होंगे। बताया कि एक तीर से तीन शिकार हो गये हैं। ईधर वाले वार्ड मे दो दावेदारी फिनिशहो गयी हैं और उधर वाले वार्ड में एक दावेदारी फिनिश हो गयी है। राम वालों की रीत है कि जो नामित बन गया उसे निर्वाचित वाले सीन में नहीं लिया जाता है। बता दिया कि ठाकुर लेडी को टिकट नहीं मिला और रावत जी बागी होकर गुलाब के फूल पर लड़े और मुरझा गये।

### कृपा के सीन में डबल सलेक्शन है या कोई रिश्तेदारी वाला कनेक्शन है

कमल वालों के यहां कमाल हो गया कि किसी पर कृपा की एक बूंद नहीं गिरी ओर किसी पर कृपा का बादल ही फट गया। कोई लिस्ट में अपना नाम तलाशता रह गया और कहीं ऐसी गलती से मिस्टेक हुई कि सरकार से लेकर संगठन तक कृपा की बरसात हुई। जिस पार्टी में छोटे से पद के लिए कोर बैठ जाती है और जोर लगते हैं उसे दल में इतनी नजर कमजोर कैसे हो सकती है कि एक नाम पर डबल कृपा हो जाये। तब पता चला कि असल में सलेक्शन वाले सीन में रिश्तेदारी का भी कनेक्शन है। संबोधन दोनों तरफ एक सा ही है और रिश्ता भी एक ही लगता है। लेकिन ऐसा लगता है कि पूर्व वालों ने रिश्ते का सम्मान रखा और कृपा वाला सीन बनाया। जो आगरा से आये थे वो भी रिश्ते दार हैं और ऐसे में भला वो कैसे इस नाम को भूल सकते थे।

## आरकेजी ग्लोबल स्कूल में प्री-प्राइमरी विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह आयोजित







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आरकेजी ग्लोबल स्कूल में शुक्रवार को प्री-प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह समारोह नन्हे विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा, जब वे अगले शैक्षणिक चरण में प्रवेश के लिए तैयार हुए। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की उपाध्यक्ष सुश्री आंचल गोयल, निदेशक प्राचार्य कैप्टन डॉ. दिनिशा भारद्वाज, शिक्षकों एवं अभिभावकों के स्वागत के साथ हुई। दीक्षांत वेशभूषा में सजे नन्हे विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे पूरा वातावरण गर्व और उत्साह से भर गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नृत्य, लघु भाषण और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दीक्षांत प्रमाण-पत्रों का वितरण रहा, जिसमें प्रत्येक बच्चे को उसकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

निदेशक प्राचार्य ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को जिज्ञासु, परिश्रमी और विनम्र बने रहने की प्रेरणा दी। साथ ही शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग की सराहना की गई। समारोह के अंत में अभिभावकों ने विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम खुशियों भरे माहौल, मुस्कानों और यादगार पलों के साथ संपन्न हुआ, जिसने विद्यार्थियों के जीवन में एक नई शुरूआत का संदेश दिया।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 'SGU Hackathon 2.0 2026' का शुभारंभ

➡ देशभर के छात्रों ने दिखाई तकनीकी प्रतिभा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को रञ्च्न लूं' इँङ्क्ल 2.0 का भव्य शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय इस तकनीकी प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, तकनीकी दक्षता और समस्या समाधान क्षमता को बढ़ावा देना है।

हैकाथॉन में देशभर के प्रतिष्ठित कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 1052 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया, जो 114 टीमों के रूप में विभिन्न संस्थानों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। चयन प्रक्रिया के बाद 60 टीमों को फाइनल राउंड के लिए चुना गया। इस आयोजन में उळव, कञ्ञ्ळ दिल्ली, एएमयू, जीएलए यूनिवर्सिटी, एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज सहित कई प्रमुख संस्थानों की भागीदारी रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, कुलपति और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने छात्रों को नई तकनीकों को अपनाने और वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। हैकाथॉन के पहले दिन प्रतिभागियों को विभिन्न समस्या कथन दिए गए, जिन पर उन्होंने मेंटर्स के मार्गदर्शन में कोडिंग, आइडिया डेवलपमेंट और प्रोटोटाइप निर्माण पर कार्य किया। पूरे परिसर में प्रतिस्पर्धा और नवाचार का उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।

इस आयोजन का संचालन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. (डॉ.) जयदीप कुमार के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि वंदना शर्मा और योगिता कौशिक ने कोऑर्डिनेशन की जिम्मेदारी निभाई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन छात्रों को अपनी तकनीकी क्षमता को निखारने और टीमवर्क के माध्यम से नए समाधान विकसित करने का एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है।

### बाइक सवार दो झपटमार युवती का मोबाइल छीन कर फरार

**लोनी,करंट क्राइम।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ब्रहस्पतिवार दोपहर खजूरी दिल्ली से बाइक से घर लौट रही थी। जैसे ही वह सभापुर चैक पोस्ट के निकट पहुंची। वैसे ही पीछे से एक बाइक पर आए दो झपटमार युवती का मोबाइल झपटकर भाग गए। थाना पहुंची पीड़िता ने दो अज्ञात झपटमारों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की पूजा कालोनी में रहने वाली जोया पुत्री राजू अली परिवार के साथ रहती है। पीड़िता ने बताया कि ब्रहस्पतिवार दोपहर करीब एक बजे पीड़िता खजूरी खास दिल्ली से बाइक से घर लौट रहीं थीं। जैसे ही पीड़िता सभापुर चैक पोस्ट के निकट पहुंची तभी तेज रफ़्तार से पीछे से एक बाइक पर बैठ कर आए दो झपटमार मोबाइल छीन कर भाग गए। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात दो झपटमारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### डिजिटल अरेस्ट कर जबरन इस्तीफा लेने का आरोप

**नोएडा।** नोएडा की सेक्टर सेक्टर 127 स्थित एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में उत्पीड़न और जबरन इस्तीफा दिलाने के मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने सेक्टर-126 कोतवाली पुलिस को एओएन कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया है। मामला कंपनी के पूर्व सीनियर एग्जीक्यूटिव उदय शंकर द्वारा दायर वाद से जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कंपनी के अधिकारियों ने उन्हें डिजिटल अरेस्ट में रखकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और जबरन इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया।

## पुलिस ने दो वाहन चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**लोनी, करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो वाहन चोरों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार पर जेल भेजा है

एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया पुलिस टीम राम पार्क चौकी क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चला रही थीं कि इसी दौरान बाइक पर सवार होकर तो व्यक्ति आए पुलिस ने उन्हें चेकिंग के लिए रोका लेकिन वह भागने का प्रयास करने लगे लेकिन पुलिस ने इस दूरी पर उन्हें धर दबोचा। पूछताछ करने पर बाइक चोरी की निकली तथा दिल्ली एनसीआर में चोरी के चार मुकदमे पंजीकृत पाए गए दोनों ने अपने नाम मोहम्मद जान उर्फ अहमद जान उर्फ अज्जू तथा दूसरे ने अपना नाम साजिद पुत्र रियाजउद्दीन निवासीगण लोनी इकराम नगर बताया पुलिस ने दोनों चोरों को जेल भेज दिया है।

## प्रिटी पेंग्विंस स्कूल में स्प्रिंग फ्लिंग कैंप का भव्य समापन समारोह



**मोदीनगर।** डॉ.केएन. मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रीटी पेंगुइन्स स्कूल में आयोजित स्प्रिंग फ्लिंग कैंप का समापन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और नन्हे बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित अतिथियों डॉ.केएन मोदी के प्रबंधक मेघराज , एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर दीपांकर शर्मा, स्कूल प्रधानाचार्य श्रीमती पूजा शर्मा, स्कूल हेडमिस्ट्रेस श्रीमती प्रेरणा वर्मा, टेक्सटाइल ब्रांच की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती सपना खुराना, प्रो. मनीषा त्यागी ने संयुक्त रूप से किया। समापन समारोह की शुरूआत मां सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलित करके की गई। जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

समापन समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। चीयरिंग परफॉर्मेंस और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया, वहीं फ्रेंच स्किट ने कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिया। इसके साथ ही स्किल बूस्ट एक्टिविटी एग्जीबिशन में बच्चों द्वारा बनाई गई एक्टिविटीज को दशार्या गया, जिसमें बच्चों की रचनात्मकता और सीखने की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ताइक्वांडो के बच्चों द्वारा प्रस्तुत बेसिक स्टंट्स रहे । जिसने दर्शकों में रोमांच भर दिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नृत्य, खेल, फ्रेंच और ताइक्वांडो के लिए पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्प्रिंग फ्लिंग कैंप ने बच्चों को न केवल मनोरंजन का अवसर दिया, बल्कि उनके आत्मविश्वास, प्रतिभा और रचनात्मकता को भी निखारा।




### किस थ्री-स्टार को मिलने जा रहा है नया केबिन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तमाम थ्री-स्टार हैं7 कहा जाता है कि जो यहां आता है कोई किसी से कम नहीं रहता है। इन सबके बीच पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम एक थ्री-स्टार को अलग से केबिन मिलने वाला है। पुलिस से पता चला है कि पुलिस कमिश्नरेट वाली लाइन के बाहर निर्माण वाला कार्य जोरदार तरीके से चल रहा है। जहां ट्रैफिक के एक थ्री-स्आर को कमरा दिया जाएगा। पुलिस के सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि इसमें बाकायदा वॉशरूम से लेकर कार्यालय और अन्य सुविधाएं लेस रहेगी। यहां बिजली का कनेक्शन भी होगा। तो टीआई से मिलने वाले आगंतुकों के लिए भी बैठने की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। वहीं बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए तमाम तरीके के प्लान और अभियान शुरू किया जा रहे हैं। तो अब जरूरत इस बात की भी हो रही है कि यातायात निरीक्षक को अलग से केबिन दिया जाए। अब देखना होगा कि किस थ्री-स्टार को इस केबिन में एंट्री मिलेगी और यह किसका परमानेंट ठिकाना बनता है। कुल मिलाकर जब से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नंबर दो की पोजीशन वाले साहब आए हैं, तब से ट्रैफिक सुधारने को लेकर बयान और आदेश तो दिए जा रहे हैं पर अभी सड़क पर असली असर देखने को नहीं मिल रहा है। वैसे बताया जा रहा है कि खुद साहब ने वैसे भी तीन से छह महीने का समय खुद ही मांग लिया था। वह धीरे-धीरे रिव्यू कर रहे हैं और उसपर काम करने के बाद फिर जाम का इंतजाम किया जाएगा। उधर चर्चा इस बात की हो रही है कि जिस तरीके से इन दिनों शहर में जाम लग रहा है। जनप्रतिनिधियों से लेकर व्यापारी जाम को लेकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। ऐसे में कहीं जाम का इंतजाम करने में देरी न हो जाए। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले साहब को जिस तरीके से दिल्ली के एक बड़े कार्यक्रम में प्रदेश वाला पुरस्कार प्राप्त करने का मौका मिला है, उसके बाद उनकी टीआरपी हाई बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बराबर वाले कमिश्नरेट से किसी को ना बुलाकर यहां वाले कमिश्नरेट का मान, सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ाई गई है। कुल मिलाकर देखना होगा कि नए केबिन में किस थ्री-स्टार को एंट्री मिलती है।



## लाजपत राय कॉलेज में प्लेसमेंट कार्यक्रम, सात छात्र-छात्राओं का चयन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद स्थित लाजपत राय महाविद्यालय में 19 मार्च 2026 को करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की पहल पर प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भौतिकी विभाग और पूजा कंट्रोल, गाजियाबाद के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में भौतिकी और गणित विषय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया में अंतिम वर्ष के साथ-साथ भूतपूर्व कुल 31 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्लेसमेंट के दौरान पूजा कंट्रोल के चेयरमैन लव दीवान और उनकी तकनीकी टीम ने कंपनी की कार्यप्रणाली और अवसरों पर प्रस्तुति दी। इसके बाद विद्यार्थियों की बौद्धिक परीक्षा, साक्षात्कार और विचार-विमर्श की प्रक्रिया आयोजित की गई। इस प्रक्रिया के बाद सात छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के कोऑर्डिनेटर डॉ. नीरज तिवारी सहित डॉ. जया सिंह, डॉ. सपना सिंह, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. चारू शर्मा, डॉ. भूपेंद्र कुमार, डॉ. दीपा वर्मा, डॉ. रीमा सोढ़ी, शुभम शर्मा, अमन गोयल, खजान चंद्र गौतम और अमित कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आईटीएस में पुलिस के सहयोग से ऑपरेशन प्रहार नशा मुक्ति अभियान आयोजित

➡ अभियान का उद्देश्य संगठित अपराध में कमी लाना और नशे की लत से युवाओं को बचाना है : एसीपी श्वेता यादव




**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में उत्तर प्रदेश पुलिस के सहयोग से ऑपरेशन प्रहार नशा मुक्ति अभियान विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

इस सत्र में एमबीए, एमसीए, पीजीडीएम और यूजी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।इस अवसर पर आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी। वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा जी ने इस प्रकार के आयोजन और उत्तर प्रदेश पुलिस की सहभागिता एवं उनकी कार्यक्षमता की भूरि भूरि प्रशंसा की ।आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार ने मुख्य अतिथि श्वेता कुमारी यादव, एसीपी, साहिबाबाद का स्वागत सम्मान पौधा, उपहार एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर किया। एसीपी श्वेता कुमारी यादव ने उन्होंने सुझाव दिया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच और सुरक्षित वातावरण विकसित हो सके। सत्र का समापन अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ समूह छायाचित्र एवं राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में सार्वजनिक सुरक्षा, जागरूकता तथा नशा मुक्ति के प्रति समझ को और अधिक सुदृढ़ किया।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व नामित पार्षद सुरेन्द्र नागर ने एमएलसी दिनेश गोयल से मुलाकात की। हिन्दु नववर्ष की बधाई और शुभकामनाओं का संदेश दिया गया। एमएलसी दिनेश गोयल ने इस पल के अपनी फेसबुक पर साझा किया। पूर्व नामित पार्षद सुरेन्द्र नागर ने भी इस पोस्ट को अपनी फेसबुक पोस्ट बनाया। बधाई, शुभकामनायें और सानिध्य का संदेश देती ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# पिघल चुकी है भारत-कनाडा के रिश्तों में जमी बर्फ

**ओटावा।** भारत और कनाडा के रिश्तों में जमी बर्फ अब पूरी तरह पिघल चुकी है। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की सफल भारत यात्रा के ठीक बाद अब कनाडा की राष्ट्रीय पुलिस सेवा ने भारत पर लगे गंभीर आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

भारत और कनाडा के रिश्तों में जमी बर्फ अब पूरी तरह पिघल चुकी है। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की सफल भारत यात्रा के ठीक बाद अब कनाडा की राष्ट्रीय पुलिस सेवा ने भारत पर लगे गंभीर आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पुलिस कमिश्नर माइक डुहेम ने साफ-साफ कहा है कि वर्तमान में कनाडा में रहने वाले लोगों को भारत सरकार के किसी भी एजेंट से कोई खतरा नहीं है।

पुलिस कमिश्नर माइक डुहेम ने कहा कि अभी हमारे पास ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है जो किसी भी विदेशी संस्था की भूमिका का प्रमाण देता हो। संबंधित फाइलों में ऐसे कई लोगों के नाम हैं जो लोगों को डराने और परेशान करने में शामिल हैं। हालांकि, ये लोग किसी विदेशी संस्था या किसी देश से संबंधित हैं, इसका हमारे पास कोई सबूत नहीं है।






**कनाडाई अधिकारियों के अचानक बदले सुर**

एक समय था जब पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल के दौरान कनाडा ने सीधे तौर पर हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के तार भारतीय एजेंसियों से जोड़े थे। लेकिन अब कमिश्नर माइक डुहेम के सुर बदले हुए हैं। अब उन्होंने कहा कि फिलहाल जो कड़ियां हमारे सामने हैं, वे किसी विदेशी संस्था या भारत सरकार से नहीं जुड़ रही हैं। उन्होंने यह भी माना कि 2024 में उन्होंने जो बयान दिए थे, वे उस समय की सीमित जांच पर आधारित थे, लेकिन आज की स्थिति और साक्ष्य बिल्कुल अलग हैं।

## बिश्नोई गैंग और उगाही के सच पर बड़ा खुलासा



कनाडा के सरे, ब्रैम्पटन और कैलगरी जैसे शहरों में पिछले काफी समय से हो रही उगाही की घटनाओं में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम उछाला जा रहा था। इस पर कमिश्नर ने कहा कि हर मामले को सीधे बिश्नोई गैंग से जोड़ना गलत है। कई अपराधी केवल खौफ पैदा करने के लिए इस नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं। सबसे अहम बात यह कि कनाडा के जांच एजेंसियों को ऐसे कोई ठोस सबूत नहीं मिले हैं जो इन आपराधिक गतिविधियों का संबंध भारत सरकार से जोड़ते हों। भारतीय राजनयिकों की कनाडा वापसी को लेकर पुलिस कमिश्नर ने आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर तरह की धमकी पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बिना डरे पुलिस को रिपोर्ट करें। कनाडा की टॉप पुलिसिंग बॉडी का यह बयान इस बात की तस्दीक करता है कि दोनों देशों के रिश्तों में अब नया सवेरा हो चला है।

# ईरान का दावा- अमेरिकी एफ-35 लाइटनिंग विमान पर इतिहास में पहला हमला



**तेल अवीव।** ईरान ने दावा किया है कि वह अमेरिकी एफ-35 लाइटनिंग 2 लड़ाकू विमान को निशाना बनाने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। यह अमेरिका के सबसे उन्नत विमानों में से एक है। सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने एफ-35 की आपातकालीन लैंडिंग की पुष्टि की है।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने गुरुवार को सुबह 2:50 बजे मध्य ईरान के हवाई क्षेत्र में एक अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान को निशाना बनाने का दावा किया। आईआरजीसी के अनुसार, विमान के क्रैश होने की बहुत ज्यादा संभावना है। दूसरी तरफ, सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने बताया कि ईरानी मिसाइलों के हमले के बाद एक एफ-35 विमान को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी।

**क्या बोला अमेरिकी सेंट्रल कमांड:** अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स ने पुष्टि की कि विमान ईरान के ऊपर एक मिशन पर था। उन्होंने बताया कि विमान सुरक्षित उतर गया है और पायलट की हालत स्थिर है। फिलहाल इस घटना की जांच चल रही है। बतादें कि, एफ-35 दुनिया के सबसे महंगे विमानों में से एक है और इसकी कीमत 100 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा है। अगर ईरान का यह दावा पूरी तरह सच साबित होता है, तो यह इस युद्ध की सबसे बड़ी सैन्य उपलब्धि होगी।

ब्लूमबर्ग और सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका को भारी नुकसान हुआ है।

**अमेरिकी को हुए कई बड़े नुकसान**

इस युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना को कुछ और नुकसान भी उठाने पड़े हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कुवैत के एयर डिफेंस सिस्टम ने गलती से अमेरिका के तीन एफ-15 ईगल विमानों को मार गिराया। हालांकि, इन विमानों के सभी छह क्रू सदस्य सुरक्षित बच गए। इसके अलावा, पिछले हफ्ते इराक में अमेरिका का एक केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर विमान क्रैश हो गया था। इस हादसे में विमान में सवार सभी छह सदस्यों की मौत हो गई। अमेरिकी सेना ने कहा है कि यह क्रैश किसी दुश्मन के हमले की वजह से नहीं हुआ था।

इन तमाम घटनाओं के बावजूद अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया है कि अमेरिका निर्णायक रूप से जीत रहा है।

# जेलेंस्की ने अमेरिका भेजा प्रतिनिधिमंडल फिर तेज हुईं त्रिपक्षीय वार्ता की कोशिशें

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने एक प्रतिनिधिमंडल अमेरिका भेजा है, ताकि उनके देश पर रूस के आक्रमण को समाप्त करने के लिए थमी हुई वार्ता को आगे बढ़ाया जा सके। वहीं, क्रेमलिन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को संकेत दिया कि मॉस्को और कीव के बीच अमेरिका की मध्यस्थता वाली वार्ता का नया दौर जल्द शुरू हो सकता है।

**ईरान को अमेरिकी ठिकानों की जानकारी दे रहा रूस?: पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच बड़ा दावा, समझिए क्या है इसके मायने**

उन्होंने कहा, त्रिपक्षीय वार्ता में अभी तक अहम मुद्दों पर कोई बड़ी प्रगति नहीं हुई है। यह वार्ता रुकी हुई है, क्योंकि ईरान युद्ध दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। जेलेंस्की जल्द वार्ता शुरू करना चाहते हैं और उन्होंने गुरुवार शाम कहा कि उन्होंने प्रतिनिधियों को अमेरिका भेजा है, जिनकी शनिवार को बैठक होने की उम्मीद है।



हालांकि, व्हाइट हाउस ने किसी बैठक की पुष्टि नहीं की है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस उन वाताओं में शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नए त्रिपक्षीय बैठक का समय और स्थान अभी तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, यह विराम अस्थायी है, हम उम्मीद करते हैं कि त्रिपक्षीय प्रारूप की वार्ता फिर शुरू होगी।

पश्चिमी यूरोपीय अधिकारियों ने पिछले साल कई बार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर वार्ता में देरी करने का आरोप लगाया। पुतिन अपनी सेना का उपयोग करके अधिक यूक्रेनी भूमि पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। रूस की सेना यूक्रेन के लगभग 20 फीसदी हिस्से पर कब्जा कर चुकी है।

28 फरवरी को इस्राइल और अमेरिका ने ईरान पर हमले शुरू किए। जिसके बाद पश्चिम एशिया के संघर्ष ने यूक्रेन से दुनिया का ध्यान हटा दिया है। साथ ही, अमेरिका की ओर से तेल पर लगाए गए प्रतिबंधों में अस्थायी छूट के कारण रूस वित्तीय लाभ उठा रहा है। जबकि यूक्रेन को गंभीर नकदी संकट का सामना करना पड़ रहा है और यूरोपीय संघ की ओर से 90 अरब यूरो (103 बिलियन डॉलर) का ऋण देने का वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

# ऑटो पार्ट्स बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग 50 लोग घायल; कई के फंसे होने की आशंका



**सियोल।** दक्षिण कोरिया की एक ऑटो पार्ट्स बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लगी है। इस आग की चपेट में आकर कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं। घायलों में से कई की हालत गंभीर है।

दक्षिण कोरिया की एक ऑटो पार्ट्स बनाने वाली फैक्ट्री में शुक्रवार को आग लग गई है, जिसकी चपेट में आकर कम से कम 50 लोग घायल हो गए हैं।

घटना दक्षिण कोरिया के शहर देयजियोन में घटी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया की नेशनल फायर एजेंसी के अनुसार, घायलों में 35 लोगों की हालत गंभीर है।

घटनास्थल से सामने आए वीडियो में फैक्ट्री परिसर से घना काला धुआं उठता दिखाई दिया।

## आग लगने की वजह अभी तक साफ नहीं

अभी यह साफ नहीं है कि फैक्ट्री के अंदर कितने कर्मचारी फंसे हुए हैं। अग्निशमन विभाग ने आशंका जताई है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। आग लगने की सूचना दोपहर में मिली थी। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आग पर काबू पाने के लिए 200 से अधिक दमकलकर्मियों और 70 से ज्यादा वाहनों को तैनात किया गया है। वहीं, प्रधानमंत्री किम मिन-सोक हालात पर नजर बनाए हुए हैं और उन्होंने आग पर काबू पाने और राहत-बचाव कार्यों के लिए सभी संसाधनों और कर्मियों की पूर्ण तैनाती के निर्देश दिए हैं।



## खर्ग द्वीप पर कब्जा या घेराबंदी की तैयारी

# होर्मुज खोलने के लिए ईरान पर दबाव बनाने का प्लान बना रहे ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका का डोनाल्ड ट्रंप प्रसासन अब ईरान पर दबाव बनाने के लिए खर्ग द्वीप पर कब्जा करने या उसे घेरने के प्लान पर विचार कर रहा है, ताकि तेहरान होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर मजबूर हो जाए। एक्सिओस ने चार सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।

इस कदम पर विचार इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि वाशिंगटन होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण खत्म करना चाहता है। इस अहम जलमार्ग में बाधा आने से दुनियाभर में उर्जा की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। खर्ग द्वीप तट से लगभग 15 मील दूर स्थित है और ईरान के लगभग 90 फीसदी कच्चे तेल के निर्यात को संसाधित करता है, जिससे यह वैश्विक तेल आपूर्ति श्रृंखला में एक अहम केंद्र है।

**अमेरिका ईरान के खर्ग द्वीप पर कब्जा करने या उसे घेरने पर विचार कर रहा है, ताकि उसे होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए मजबूर किया जा सके। यह द्वीप ईरान के 90 फीसदी तेल निर्यात का केंद्र है।**





हालांकि, अधिकारियों ने माना कि इस प्लान के जोखिम है। उन्होंने कहा कि द्वीप पर कब्जा करने का कोई भी अभियान संभवतः पहले अमेरिकी हवाई और नौसैनिक हमलों के बाद किया जाएगा, जो होर्मुज के आसपास ईरान की सैन्य मौजूदगी को कमजोर करने के लिए होंगे। इसके लिए अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती की भी जरूरत पड़ सकती है, क्योंकि नौसेना की कई इकाइयां पहले ही क्षेत्र में जा रही हैं और अधिक भेजने पर विचार किया जा रहा है।

एक्सिओस ने एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया, वह चाहते हैं कि होर्मुज खुला रहे। अगर इसे सुनिश्चित करने के लिए खर्ग द्वीप पर कब्जा करना पड़ा, तो वह किया जाएगा।

अगर उन्हें तट से हमला करना पड़ा, तो वह भी होगा। लेकिन अभी इस पर अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। रिपोर्ट में एक व्हाइट हाउस सूत्र के हवाले से कहा गया, हमें ईरान को और कमजोर करने के लिए लगभग एक महीने हवाई हमलों की जरूरत होगी, फिर द्वीप पर कब्जा किया जाएगा और उसे वार्ता के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। नौसेना की तीन अलग-अलग इकाइयां पहले ही क्षेत्र में जा रही हैं। व्हाइट हाउस और पेंटागन जल्द और अधिक सैनिक भेजने पर विचार कर रहे हैं। असेंबली इंटेलिजेंस कमिटी के अध्यक्ष सीनेटर टॉम कॉटन ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप ने सावधानी बरती है और जमीनी हमला करने से इनकार नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वह इस कदम का समर्थन करते हैं या नहीं। कॉटन ने कहा कि ईरान का होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का निर्णय उसकी हताशा को दशार्ता है और ट्रंप के पास इस स्थिति से निपटने के लिए 'सैकड़ों प्लान' मौजूद हैं।

हालांकि, विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि खर्ग द्वीप पर कब्जा करना जरूरी परिणाम नहीं दे सकता। यह द्वीप भले ही ईरान के तेल निर्यात का केंद्र है। लेकिन इस पर कब्जा करना यह सुनिश्चित नहीं करेगा कि तेहरान अमेरिकी शर्तों पर वार्ता करने के लिए मजबूर होगा। सेवानिवृत्त रियर एडमिरल मार्क मोंटगोमेरी ने कहा कि इस तरह के अभियान में अमेरिकी सैनिकों को गंभीर जोखिम हो सकता है, जबकि रणनीतिक लाभ सीमित होगा।

# इस्राइली हमले में IRGC प्रवक्ता और खुफिया मंत्री की मौत, तेहरान में हड़कंप

**तेहरान।** अभी ईरान इस झटके से उबर भी नहीं पाया था कि देश के खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब की भी एक हमले में मौत हो गई। सर्वोच्च नेता मोज्तबा खामेनेई ने खतीब की मौत पर शोक व्यक्त किया है।

ईरान से एक बड़ी खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी एक भीषण हमले में मारे गए हैं। दावा किया जा रहा है कि यह हमला अमेरिका और इस्राइल की ओर से संयुक्त रूप से किया गया था। इस बात की पुष्टि ईरान के सरकारी मीडिया ने की है।

**ईरान को झटके पर झटका**

इतना ही नहीं, अभी ईरान इस झटके से उबर भी नहीं पाया था कि देश के खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब की भी एक हमले में मौत हो गई। सर्वोच्च नेता मोज्तबा खामेनेई ने खतीब की मौत पर शोक व्यक्त किया है। जानकारी के मुताबिक, ब्रिगेडियर जनरल नैनी को निशाना बनाकर किए गए हमले में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया गया। नैनी केवल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के प्रवक्ता ही नहीं थे, बल्कि वे ईरान के मनोवैज्ञानिक युद्ध के मास्टरमाइंड भी माने जाते थे।



**ईरान की आंतरिक सुरक्षा पर उठ रहे सवाल:** वहीं, खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब की मौत ईरान की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा करती है। खतीब पर देश के भीतर और बाहर जासूसी नेटवर्क को मजबूत करने की जिम्मेदारी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि एक ही समय में सैन्य प्रवक्ता और खुफिया प्रमुख का मारा जाना इस बात का संकेत है कि हमलावरों के पास ईरान के सुरक्षा घेरे की सटीक जानकारी थी।

इन हाई-प्रोफाइल मौतों के बाद पूरे पश्चिम एशिया में खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। तेहरान के गलियारों में बदले की मांग तेज हो गई है। सर्वोच्च नेता मोज्तबा खामेनेई का शोक संदेश न केवल दुख प्रकट करता है, बल्कि यह ईरान के भविष्य के कड़े रुख का संकेत भी माना जा रहा है। इस्राइल और अमेरिका ने फिलहाल इन रिपोर्ट्स पर आधिकारिक तौर टिप्पणी नहीं की है, लेकिन ईरान ने सीधे तौर पर इन दोनों देशों को जिम्मेदार ठहराया है।

# युद्ध की जिद में श्रीलंका नहीं देगा अमेरिका का साथ, कहा- विमानों को लैंडिंग की अनुमति नहीं

**कोलंबो।** श्रीलंका ने अपनी तटस्थता बनाए रखने के लिए अमेरिकी लड़ाकू विमानों को अपने हवाई अड्डे पर उतरने से रोक दिया। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने संसद में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा श्रीलंका किसी भी दबाव में आए बिना पश्चिम एशिया तनाव के बीच अपनी तटस्थ नीति पर कायम रहेगा।



श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने संसद में एक बड़ी जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि श्रीलंका ने मार्च की शुरूआत में अपने मत्तला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो अमेरिकी लड़ाकू विमानों को उतरने की अनुमति नहीं दी।



राष्ट्रपति के अनुसार, जिबूती स्थित बेस से दो अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने चार और आठ मार्च को श्रीलंका आने की अनुमति मांगी थी। इन विमानों पर आठ एंटी-शिप मिसाइलें तैनात थीं। श्रीलंका सरकार ने इन दोनों ही अनुरोधों को ठुकरा दिया। दिसानायके ने कहा कि कई तरह के दबावों के बावजूद श्रीलंका अपनी तटस्थता बनाए रखना चाहता है। उन्होंने साफ किया कि वे किसी के आगे नहीं झुकेंगे। पश्चिम एशिया के युद्ध से चुनौतियां पैदा हो रही हैं, लेकिन श्रीलंका तटस्थ रहने के लिए हर संभव कोशिश करेगा।

यह बयान अमेरिकी विशेष दूत सर्जियो गोर के साथ राष्ट्रपति की मुलाकात के एक दिन बाद आया है। उस बैठक में समुद्री रास्तों की सुरक्षा, व्यापारिक संबंधों और एक स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर चर्चा हुई थी।

इस घटनाक्रम का संबंध कुछ अन्य समुद्री घटनाओं से भी है। चार मार्च को अमेरिका ने गाले के पास ईरानी जहाज 'आइरिस डेना' पर हमला किया था। इस हमले में 84 नाविक मारे गए और 32 को बचा लिया गया। यह जहाज भारत के विशाखापत्तनम में एक नौसैनिक अभ्यास से वापस लौट रहा था। इसके दो दिन बाद, एक और ईरानी जहाज 'आइरिस बुशहर' ने कोलंबो बंदरगाह में आने की अनुमति मांगी। श्रीलंका ने इस जहाज को कोलंबो के बजाय त्रिंकोमाली बंदरगाह की ओर भेज दिया। फिलहाल इस जहाज के 204 नाविक कोलंबो के पास एक नौसैनिक केंद्र में रुके हुए हैं।

# कतर की मदद से सुरक्षित घर पहुंचा परमिंदर

## युद्ध के बीच हुआ ब्रेन स्ट्रोक, मुश्किल में थी जान

**दोहा।** युद्ध के चलते कतर में फंसा एक भारतीय युवक सुरक्षित अपने घर पहुंच गया है। दरअसल कतर में फंसे होने के दौरान युवक को ब्रेन स्ट्रोक हुआ, जिसके बाद भारतीय दूतावास और सिख संगठनों ने मिलकर युवक को सुरक्षित घर पहुंचाया।

पश्चिम एशिया संकट के चलते खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में लोग फंसे हुए हैं। ऐसे मुश्किल समय में कतर में एक भारतीय नागरिक परमिंदर को ब्रेन स्ट्रोक आ गया, जिससे उसकी जान पर बन आई। एक तो पराया देश और ऊपर से जानलेवा खतरा, लेकिन इस मुश्किल घड़ी में मानवता की मिसाल पेश करते हुए लोगों ने परमिंदर की मदद की। भारतीय दूतावास ने भी मदद दी और बाद में कतर सरकार के सहयोग से परमिंदर सुरक्षित स्वदेश लौट आया है।




**कनाडा जाते हुए कतर में फंसा युवक**

भारतीय युवक परमिंदर कनाडा जा रहा था, लेकिन पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते उसकी यात्रा बाधित हो गई और वह कतर में फंस गया।

कतर में रहने के दौरान ही परमिंदर को ब्रेन स्ट्रोक आया, लेकिन कतर सरकार, कतर में भारतीय मिशन और कई सामुदायिक संगठनों की मदद से परमिंदर की घर वापसी संभव हुई।

**कतर में भारतीय दूतावास और सामुदायिक संगठनों की मदद**

कतर में भारतीय राजदूत विपुल ने दूतावास के प्रथम सचिव ईश सिंघल के साथ मिलकर स्थानीय और सामुदायिक संगठनों की मदद से परमिंदर की सहायता की। इंडियन कम्युनिटी बेनेवोलेंट फोरम, पुनर्जनी और सिंह सेवा ग्रुप कतर जैसे संगठनों ने परमिंदर की नियमित देखभाल की और उसके मेडिकल खर्चों और खाने-पीने का पूरा ध्यान रखा। कतर के हमास मेडिकल कॉर्पोरेशन और कतर एयरवेज ने भी परमिंदर की स्वदेश वापसी में मदद की।

कतर के हमास मेडिकल कॉर्पोरेशन और कतर एयरवेज ने भी परमिंदर की स्वदेश वापसी में मदद की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से फोन पर बात भी की। इस बातचीत में पीएम मोदी ने कतर के नेता को भारतीय समुदाय की देखभाल करने और सहयोग के लिए आभार जताया। पश्चिम एशिया संकट की जद में कतर भी है और कतर के ऊर्जा ठिकानों पर हमले हुए हैं।

# सिंगापुर में 101 वर्षीय इतिहासकार सैमुअल का निधन

**सिंगापुर।** सिंगापुर की विरासत और भारतीय मूल के चेट्टी समुदाय के इतिहास को दुनिया के सामने लाने वाले मशहूर इतिहासकार धोरायसिंगम स्टीफन सैमुअल अब नहीं रहे। 14 मार्च को 101 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साप्ताहिक अखबार ताबला ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सैमुअल ने सिंगापुर के इतिहास और विरासत पर सात किताबें लिखी थीं। उनकी 1991 में आई किताब सिंगापुर हेरिटेज बहुत मशहूर हुई, जिसमें उन्होंने 180 ऐतिहासिक जगहों की जानकारी दी थी। साल 2005 में उन्होंने पेरनाकन इंडियंस ऑफ सिंगापुर एंड मलक्का नाम की किताब लिखी। इस किताब ने चेट्टी मेलका समुदाय के इतिहास को सहेजने का काम किया। यह समुदाय मूल रूप से भारत का है, जो 1800 और 1900 के बीच दक्षिण-पूर्व एशिया में आकर बस गया था।

पूर्व राजदूत के. केशवपानी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सैमुअल के शोध ने चेट्टी समुदाय को अपनी पहचान दिलाने में बड़ी मदद की।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | शनिवार • 21 मार्च -2026

# गाजियाबाद




# 11 वर्षों में देश और 9 वर्षों में प्रदेश ने विकास की नई ऊंचाईयां छुईं: सुनील शर्मा

**सहारनपुर (करंट क्राइम)।** सहारनपुर के सर्किट हाउस सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने केंद्र सरकार के 11 वर्षों तथा प्रदेश सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में देश और प्रदेश ने विकास और सुशासन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

विकास की नई दिशा और गति कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने बताया कि सरकार ने सुरक्षा, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण और गरीब कल्याण जैसे क्षेत्रों में व्यापक कार्य किए हैं। योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए गए, जिससे आमजन के जीवन स्तर में सुधार आया है। जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभाव उन्होंने कहा कि पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था के चलते विभिन्न जनहितकारी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू हुई हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों ने हर वर्ग को सशक्त करने का काम किया है, जिससे विकास की गति और तेज हुई है। इस अवसर पर जनपद सहारनपुर के जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# संजीव गुप्ता ने समरकूल प्रतिष्ठान पर भाजपा पदाधिकारियों का किया स्वागत

## नवगठित टीम ने माता रानी के मंदिर में किया दर्शन, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ तिलक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान पर भाजपा संगठन की नवगठित टीम का भव्य स्वागत किया। नवरात्रि के पावन अवसर पर भाजपा के नवनियुक्त महामंत्री प्रदीप चौहान बाल्मीकि, गौरव चौपड़ा, पंकज भारद्वाज तथा उपाध्यक्ष भानू शिशोदिया, महेंद्र यादव, अमित रंजन एवं युवा नेता मोनू त्यागी सहित अन्य पदाधिकारियों ने समरकूल प्रतिष्ठान परिसर स्थित माता रानी के मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पंडित दिलीप शास्त्री की आचार्य टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी पदाधिकारियों का तिलक किया। इसके उपरांत संजीव कुमार गुप्ता ने सभी का पुष्पमाला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।






**क्यों कहा कहने वाले ने कि** वो जानते हैं पहले वाले भगवा ट्रेजरार में संभावनायें हैं बेशुमार? इसलिए वो दूसरे पूर्व वालों के यहां नहीं गये? सबने दिये उनके यहां दीदार? उन्हें पता है वो आदमी हैं नाईस? उनका दिल समन्दर और मन है बढ़िया? वो रहेंगे भविष्य की संभावनाओं का भी जरिया? कहने वाले ने कहा कि देखना अब ये है कि ये चेहरे कब जायेंगे दूसरे पूर्व वालों के पास? या फिर यहीं समाप्त हो जायेंगे इनके प्रयास?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब भारद्वाज जी के हाथ में आया माईक? सुना है उनके शब्दों ने खेलनी शुरू कर दी थी आईस-पाईस? वो ठीक से नहीं ले पाये थे विधायक जी का नाम? कहने वाले ने कहा जब बनायी हुई हो सालों से दूरी? तब ऐसा ही होता है श्रीमान? ये तो शुक्र है किसी ने दिला दिया मौके पर ही नाम ध्यान? घोषणा अगर थोड़ी लेट होती तो वो भूल सकते थे विधायक जी का चेहरा? फिर नाम में क्या रखा है श्रीमान?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप बारीक से समझो पावर सेंटर वालों और हैवी वेट वालों का गेम? सोच समझकर ही दोनों ने इस बार नामित और संगठन वाले मैटर में नहीं किया क्लेम? दोनों ने इस बार रख दिया पार्टी पर अपना तकादा खाली? देखना भविष्य में ये बजवायेंगे अपने पक्ष वाली ताली? करायेंगे ये समय पर पार्टी को अहसास? हमने तब नहीं दी थी बिल्कुल भी दखल? अब तो सुननी पड़ेगी आपको हमारी बात? वैसे भी कहां दूर रह गये हैं अब विधानसभा वाले चुनाव?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** गोयल साहब को रखना होगा चिकित्सक नागर जी का ध्यान? सुना है उन्होंने ईलाज अपने तरीके से करना शुरू कर दिया है? चर्चा में पड़ौस वाला जिला है श्रीमान? सुना है इस जिले में कराया है गोयल साहब ने कहीं पर काम? बस इस काम को ही लेकर पूरा खेल खेल दिया गया है साहिबान? आज नहीं तो कल गोयल साहब को पता चल जायेगी बात? जितनी हमें पता चली, हम ले आये आपके पास?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** शायद वेस्टर्न वालों ने भी मजबूती से नहीं संभाला गागर में सागर भरने वालों का बेस? नहीं तो हो ही नहीं सकता था कि मजबूत नहीं होता उनके इस अतिप्रिय चेहरे का केस? यहां तो फिर किसी ने कुछ ऐसा गाना सुनाया प्योर? कहा तू प्यार है किसी और का, तुझे चाहता है कोई और? तू बन गया किसी की पसंद करके अपने ही प्रिय चेहरे को इग्नोर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** कभी भी हो सकता है साहिबाबाद से एक ब्राह्मण दावेदारी का अहसास? सुना है पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा ने फिर शुरू कर दिये हैं अपने प्रयास? प्रदेश की टीम घोषित होने के बाद ये डाल देंगे यहां पर डेरा? सुना है इस बार कार्यालय पहले वाले चुनाव से भी काफी पहले खुल जायेगा? यहां पर डलेगा डेरा सच्चा सौदा? कहने वाले ने कहा अंदरखाने हैं उनकी मुलाकातें जारी? यूनियन के किसी चेहरे ने कह दिया है आप शुरू कर दो अपनी तैयारी?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** प्रदेश वाले अध्यक्ष जी के पास पता चला है एक नहीं, दो नहीं 45 त्यागी चेहरे गये थे साहब? आप इस बात को कर सकते हो पार्षद वीरेन्द्र त्यागी से भी कन्फर्म? वो इस टीम की कर रहे थे मजबूती से अगुवाई? देकर आये हैं संदेश कि प्रदेश में कोई मजबूत त्यागी चेहरा नहीं दे रहा है दिखाई? सुना है इन्होंने मेरठ वाले त्यागी जी का पूरजोर तरीके से रखा है नाम? देखना अब ये है क्या असर दिखायेगा ये पावर वाली पैरोकारी का पैगाम?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** अति वरिष्ठ वाले त्यागी जी के साथ साथ देखना अति वरिष्ठ वाले यादव जी भी मारेंगे हैन्डपम्प में पम्प? कहने वाले ने कहा कि अभी तो पार्टी शुरू हुई है? लगेगी एक और जम्प? कहने वाले ने कहा कि करने वाले ने कर लिये हैं हैन्डपम्प से जुड़े त्यागी जी के हाल ही में यादव जी के आवास पर दीदार? सुना है ये मुलाकात लम्बी भी थी और थी जोरदार? कभी भी आ सकता है इनका भी पैगाम? बड़ी-बड़ी चीजें अभी होनी है, देखते रहो साहिबान?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** 28 मार्च को प्रधानमंत्री करेंगे जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन? सुना है पार्टी बना रही है यहां पर बड़ी जनसभा का प्रोग्राम? आसपास के जिलों के कार्यकर्ता यहां पर जुटाये जायेंगे? जिसमें गाजियाबाद भी शामिल होगा श्रीमान? कहने वाले ने कहा अब यहां पर होगी भगवा योद्धा के सैनिकों की असली परीक्षा? देखना ये है कौन भीड़ जुटाने में कितना दिखाता है दम? किसके ईरादे बुलंद नजर आते हैं, किसका मामला रहेगा कम?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम तो अब कांत जी और पाराशर जी के लिए डाल रहे हैं अपनी बुद्धि पर जोर? दोनों ने एक्टिविटि दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी? मगर नामित से लेकर संगठन वाले मैटर में दोनों ही हो गये इग्नोर? ना ही कमान्डर का काम आया इनको साथ? ना ही योद्धा ही बना पाये कोई बात? आप ही बताओ इस तरह का सितम कोई कैसे सह सकता है साहब?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# भोपुरा में सपनों को साकार करेगा उड़ान आंगनबाड़ी केंद्र

## महापौर ने किया भूमि पूजन, केंद्र होगा आधुनिक सुविधाओं से लैस

### - वंचित बच्चों को मिलेगी नई दिशा

### कूड़ा बीनने वाले परिवारों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का लक्ष्य



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर के भोपुरा क्षेत्र में अब वंचित बच्चों के सपनों को नई उड़ान मिलने जा रही है। नगर निगम गाजियाबाद एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश की संयुक्त पहल के तहत यहां उड़ान नाम से एक अत्याधुनिक आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जाएगा।

गांव भोपुरा के खसरा नंबर 696 की 380 वर्गमीटर भूमि पर बनने वाले इस केंद्र का भूमि पूजन महापौर सुनीता दयाल ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि यह परियोजना नगर निगम की एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील पहल है, जिसका उद्देश्य समाज के सबसे कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि कूड़ा बीनने वाले परिवारों के बच्चे भी शिक्षित होकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हों।

भोपुरा के कृष्णा विहार, वार्ड संख्या-29 में प्रस्तावित यह केंद्र करीब 1,000 परिवारों और लगभग 300 बच्चों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। इस क्षेत्र में रहने वाले अधिकांश लोग कचरा बीनने का कार्य करते हैं, ऐसे में बच्चों के लिए यह केंद्र शिक्षा और देखभाल का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

इस आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण सोशल डिजाइन कोलैबोरेटिव संस्था द्वारा किया जाएगा, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त आर्किटेक्चरल स्टूडियो है। संस्था की निदेशक स्वाति जानू ने देशभर में आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी स्कूलों के विकास में अहम भूमिका निभाई है। वर्ष 2023 में इस स्टूडियो को डेनमार्क के प्रतिष्ठित आररक इंस्टट्यूट द्वारा भी चयनित किया गया था। उड़ान आंगनबाड़ी केंद्र का डिजाइन बेहद खास होगा। इसका अष्टकोणीय (ऑक्टागोनल) ढांचा बच्चों के सीखने और खेलने के अनुभव को बेहतर बनाएगा। यह एक मॉड्यूलर और अस्थायी संरचना होगी, जिसे फ्लैट पैक बिल्डिंग टेक्नोलॉजी के जरिए तैयार किया जाएगा, जिससे आवश्यकता पड़ने पर इसे आसानी से दूसरी जगह स्थानांतरित किया जा सकेगा। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए केंद्र की दीवारें और छत रीसायकल प्लास्टिक से बनाई जाएंगी, जो कचरे को संसाधन में बदलने का संदेश देंगी।

इसके साथ ही धातु फ्रेम, दोहरी दीवार और छत की विशेष संरचना इसे मजबूत, तापमान के अनुकूल और भूकंपरोधी बनाएगी। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद ओमपाल सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। यह केंद्र न सिर्फ बच्चों के लिए शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि समाज के वंचित वर्ग के लिए उम्मीद और बदलाव की एक नई शुरूआत भी साबित होगा।

# डॉ. पी. कुमार उद्यमी ने अपर मुख्य सचिव मुकेश मेशराम से की मुलाकात



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उद्यमी डॉ. पी. कुमार ने हाल ही में लखनऊ में उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मुकेश मेशराम से मुकालात की। इस अवसर पर उन्होंने मेशराम को अपर मुख्य सचिव के महत्वपूर्ण पद पर पदोन्नत होने और नई जिम्मेदारी संभालने के लिए हार्दिक बधाई दीं।

दौरान डॉ. पी. कुमार ने कहा कि समाज और प्रशासनिक सुधारों में मेशराम के योगदान की सराहना की। मुकेश मेशराम का व्यक्तित्व प्रेरणादायी है। उनका कुशल मार्गदर्शन और सहयोग मेरे लिए हमेशा अत्यंत महत्वपूर्ण और ऊर्जावान रहा है। उनका नया दायित्व प्रदेश के विकास में नए आयाम स्थापित करेगा। डॉ. पी. कुमार प्रशासनिक क्षेत्र में हर्ष वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मुकेश मेशराम को नई जिम्मेदारी मिलने पर केवल प्रशासनिक गलियारों में ही नहीं, बल्कि उद्यमी जगत और सामाजिक संगठनों में भी हर्ष का माहौल है। इस मुलाकात के दौरान विभिन्न समसामयिक विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

# लोहा मंडी में अंतर्राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में संतोष डेंटल कॉलेज के सहयोग से मंडल के कार्यालय के सभागार में बृहद निःशुल्क दांत चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। संतोष मेडिकल कॉलेज एवं डेंटल कॉलेज के विशेषज्ञ और अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा दांतों के विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच ब्लड प्रेशर ब्लड शुगर ओरल कैंसर के साथ-साथ दांतों की साफ सफाई के संबंध में जागरूकता और खान-पान के विषय में सभी को जागरूक किया गया।



लोहा मंडी क्षेत्र के 50 से अधिक व्यक्तियों का पंजीकरण किया गया जिसमें से 10 व्यक्तियों का ओरल कैंसर की जांच की गई और सैंपल टिशु दिया गया।

50 व्यक्तियों का दांतों की समस्या के संबंध में कैविटी कैलकुलस और कोई भी मसूड़े की समस्या के संबंध में जांच की गई 31 व्यक्तियों की ब्लड शुगर और 43 व्यक्तियों का ब्लड प्रेशर की जांच की गई। तंबाकू के सेवन से होने वाली हानियों के संबंध में भी बताया गया जिसमें 19 व्यक्तियों को व्यक्तिगत सलाह दी गई और काउंसलिंग की गई। दांतों की ओर मुख की साफ सफाई के संबंध में सही पद्धति के बारे में जागरुक करते हुए 27 व्यक्तियों को व्यक्तिगत साफ सफाई करने के तौर तरीके बताए गए। इस अवसर पर खानपान के संबंध में भी सलाह दी गई और 19 व्यक्तियों की व्यक्तिगत काउंसलिंग की गई।

कैंप का शुभारंभ गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ अतुल कुमार जैन महामंत्री अमरीश जैन कोषाध्यक्ष सतीश बंसल वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक सिंघल संयुक्त मंत्री गौरव मिगलानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्र मोहन कुमार मंत्री विकास जैन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया




डॉक्टरों की टीम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.मीना जैन डॉक्टर कनिष्क गुप्ता की देखरेख में और डॉक्टर इशिका अरोड़ा के संयोजन में प्रविता, डॉक्टर मीनू चौहान, डॉ सुरभि ग्रोवर, डॉक्टर एम प्रेयसी, डा.मानसी मेधा, डॉक्टर कैलाश, डॉक्टर तनु धनकर.डॉ दीपिका चौहान,डॉ. शिवानी,डॉक्टर अनु,डॉक्टर श्रुति, डॉक्टर माथुपलानियपन, मोनिका, मधु,मदीहा,जूही, खुशनुमा, लिचा, अंकित इत्यादि ने विभिन्न जांचों में और नुक्कड़ नाटक में सहयोग किया।

संतोष हॉस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज की तरफ से डॉक्टर मीना जैन और डॉक्टर कनिष्क गुप्ता ने गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल को डॉक्टर अतुल कुमार जैन और महामंत्री अमरीश जैन कोषाध्यक्ष सतीश बंसल संयुक्त मंत्री गौरव मिगलानी के माध्यम से संस्था को धन्यवाद स्वरूप,प्रशस्त्री पत्र भेंट किया।

गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की ओर से डॉक्टर मीना जैन डॉक्टर कनिष्क गुप्ता के माध्यम से संतोष डेंटल कॉलेज को धन्यवाद स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया और उपस्थित वरिष्ठ डॉक्टर के साथ-साथ संपूर्ण सहयोगी टीम में डॉक्टर और अन्य स्टाफ का माल्यार्पण द्वारा लोहा मंडी की ओर से स्वागत किया गया और सभी का धन्यवाद किया गया।

कुल मिलाकर लोहा मंडी में निःशुल्क दंत जांच शिविर और नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कैंप में सुशील जैन, दीपक अरोड़ा के साथ काफी बड़ी संख्या में लोहा व्यापारी गण और क्षेत्र क्षेत्र के निवासी उपस्थित रहे।

# यीडा की बोर्ड बैठक में परिसम्पत्तियों के आवंटन व बिड दरों में हुई वृद्धि, वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पास



**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की शुक्रवार को 89वीं बोर्ड हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न परिसम्पत्तियों के आवंटन व बिड दरों में वृद्धि की गई। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्यय का बजट को पास किया गया। इसके अलावा यातायात पार्क सह प्रशिक्षण केंद्र को यीडा क्षेत्र में स्थापित करने की हरी झण्डी दी गई।

यमुना प्राधिकरण की 89वीं बोर्ड बैठक में प्रदेश के अपर मुख्य सचिव औद्योगिक एवं यीडा अध्यक्ष आलोक कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सीईओ राकेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न परिसम्पत्तियों आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, औद्योगिक के आवंटन व बिड दरों में मुद्रा स्फीति दर को दृष्टिगत रखते हुए 3.58 प्रतिशत की, मामूली वृद्धि के प्रस्ताव को पास किया गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 बजट के लिए 11,82,969.19 लाख की प्राप्तियां तथा वहीं वित्तीय वर्ष 2020-27 बजट के लिए 11,81,101.46 लाख का व्यय प्रस्तावित किया गया।

इसके अलावा यमुना क्षेत्रान्तर्गत राया अर्बन सेन्टर की महायोजना के अन्तर्गत विकसित की जाने वाली हैरिटेज सिटी परियोजना के लिए बिड डाक्युमेन्ट में आंशिक संशोधन करते हुए शासन को प्रेषित किये जाने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा बोर्ड सदस्यों द्वारा यमुना प्राधिकरण के जेवर क्षेत्र में होण्डा इण्डिया फाउन्डेशन के सहयोग से यातायात पार्क सह प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की सहमति प्रदान की गई। इसका निर्माण कार्य होण्डा इण्डिया फाउन्डेशन द्वारा अपने सीएसआर फंड से करवाया जायेगा। प्राधिकरण द्वारा इस कार्य के लिए भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई जायेगी तथा भूमि का स्वामित्व प्राधिकरण का ही रहेगा।

# ईद से पहले वार्ड 95 में जल संकट, पार्षद ने नगर आयुक्त से की त्वरित समाधान की मांग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के वार्ड 95 में बीते एक दिन से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ईद जैसे महत्वपूर्ण पर्व से ठीक पहले उत्पन्न इस संकट ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है।

अलविदा जुम्मा और ईद को लेकर बढ़ी चिंता बताया जा रहा है कि शुक्रवार को अलविदा जुम्मा होने के साथ ही ईद का पर्व भी नजदीक है। इस अवसर पर नमाज और अन्य धार्मिक कार्यों के लिए पानी की विशेष आवश्यकता होती है। ऐसे में जल आपूर्ति बाधित होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

पार्षद ने की त्वरित कार्रवाई की मांग : वार्ड पार्षद द्वारा नगर आयुक्त से इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की गई है। उन्होंने अनुरोध किया है कि विशेष टीम लगाकर जल आपूर्ति को तुरंत बहाल कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को ईद जैसे बड़े पर्व पर किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

क्षेत्रवासियों में बढ़ रही परेशानी स्थानीय निवासियों का कहना है कि पानी की आपूर्ति न होने से दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## बधाई



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जब से डॉ राम अवतार जिंदल मनोनीत हुए हैं। तब से उन्हें बधाईयों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में श्री जिंदल को बड़े भाई का दर्जा देने वाले भाजपा विधायक संजीव शर्मा ने उनके आवास पर पहुंच कर नई जिम्मेदारी की बधाई दी। श्री जिंदल ने कहा कि जैसा हमारे दलों के बीच में गठबंधन हैं। वैसा ही हमारे दिलों का भी बंधन है।**

# विवाद छुपाया तो होगी कार्रवाई लापरवाही पर अधिकारियों की तय होगी जिम्मेदारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनपद में लोक व्यवस्था एवं जन सुरक्षा को मजबूत बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। अब किसी भी प्रकार के विवाद को छिपाना भारी पड़ सकता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि छोटी-छोटी समस्याओं को नजरअंदाज करना आगे चलकर गंभीर घटनाओं का कारण बन सकता है, इसलिए सभी संस्थाओं और संगठनों को समय रहते जानकारी साझा करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि जनपद में संचालित विभिन्न संस्थाओं, औद्योगिक इकाइयों, अस्पतालों और कंपनियों में कर्मचारियों एवं प्रबंधन के बीच होने वाले विवाद अक्सर साझा नहीं किए जाते, जो बाद में गंभीर रूप ले लेते हैं। ऐसे मामलों में अब संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल पुलिस और प्रशासन को अवगत कराना अनिवार्य होगा।

साथ ही रंगदारी, धमकी या अवैध वसूली जैसी घटनाओं की सूचना भी तुरंत देने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। प्रशासन ने थाना प्रभारियों और संबंधित अधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।

यदि किसी प्रकरण को लंबित रखा गया या अनदेखा किया गया और उसके कारण कोई घटना घटित होती है, तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की मानी जाएगी। ऐसे मामलों में निलंबन या सेवा समाप्ति तक की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने यह निर्णय लिया है कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय गुरुवार को विभिन्न संगठनों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण कर आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे, ताकि जनपद में शांति व्यवस्था और जन सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके।

# अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट लोकार्पण की सफलता के लिए विधायक ने की बैठक

**नोएडा।** आगामी 28 मार्च को नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण व्याप्त है। इस ऐतिहासिक अवसर को भव्य एवं सफल बनाने के लिए क्षेत्र में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम सिरसा स्थित ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल में आयोजित एक बैठक में जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का लोकार्पण केवल एक परियोजना का उद्घाटन नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान का नया अध्याय है। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट जेवर एवं आसपास के क्षेत्रों के लिए आर्थिक उन्नति का सशक्त माध्यम बनेगा। पीएम के कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए गांव-गांव जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।